हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 30.04.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 276 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# युवाओं को कौशल से सशक्त बनाकर भारत को वैश्विक नवाचार केन्द्र बनाना है : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का प्रयास युवाओं को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं और भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करें।

श्री मोदी ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में युग्म नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन के माध्यम से भारत की नवाचार क्षमता और 'डीप-टेक' में इसकी भूमिका को बढ़ाने के प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर और मुंबई में कृत्रिम बुद्धिमत्ता , जैव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुपर हब के उद्घाटन का जिक्र किया। उन्होंने वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क के शुभारंभ का भी उल्लेख किया, जो राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के सहयोग से अनुसंधान को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री ने वाधवानी फाउंडेशन, प्रौद्योगिकी संस्थानों और इन पहलों में शामिल सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के बीच सहयोग के माध्यम से देश की शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने में रोमेश वाधवानी की समर्पण और सक्रिय भूमिका की भी विशेष सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में शिक्षा प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति वैश्विक शिक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, शिक्षण सामग्री और कक्षा एक से सात तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकों के विकास पर टिप्पणी की। उन्होंने पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफार्मों के तहत एआई-आधारित और स्केलेबल डिजिटल शिक्षा अवसंरचना मंच - 'एक राष्ट्र, एक डिजिटल शिक्षा अवसंरचना' के निर्माण पर प्रकाश डाला, जिससे 30 से अधिक भारतीय भाषाओं और सात विदेशी भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा सकेंगी।



श्री मोदी ने कहा कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क ने छात्रों के लिए एक साथ विविध विषयों का अध्ययन करना आसान बना दिया है, जिससे आधुनिक शिक्षा मिलती है और नए करियर के रास्ते खुलते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत के शोध पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत में नवाचार संस्कृति के तेजी से विकास पर कहा कि इसमें 2014 में लगभग 40,000 से 80,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किये गये हैं। प्रधानमंत्री ने शोध संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन की स्थापना और एक राष्ट्र, एक सदस्यता पहल पर प्रकाश डाला, जिसने उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए विश्व स्तरीय शोध पत्रिकाओं तक पहुँच की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप पर जोर दिया, जो यह सुनिश्चित करती है कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपने करियर को आगे बढ़ाने में कोई बाधा न आए।

उन्होंने वाधवानी फाउंडेशन जैसी संस्थाओं और श्री वाधवानी तथा उनकी टीम के प्रयासों को देखकर संतोष व्यक्त किया, जिन्होंने भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को सही दिशा में आगे बढ़ाया। उन्होंने श्री वाधवानी की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला, जिसमें विभाजन के बाद की स्थिति, अपने जन्मस्थान से विस्थापन, बचपन में पोलियो से जूझना और इन चुनौतियों से ऊपर उठकर एक विशाल व्यापारिक साम्राज्य का निर्माण करना शामिल है। श्री मोदी ने भारत के शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्रों को अपनी सफलता समर्पित करने के लिए श्री वाधवानी की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। उन्होंने स्कूल शिक्षा, आंगनवाड़ी प्रौद्योगिकियों और कृषि-तकनीक पहलों में फाउंडेशन के योगदान को भी माना।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी ने मार्क कार्नी को कनाडा का प्रधानमंत्री चुने जाने पर दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मार्क कार्नी को कनाडा का प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि वह मार्क कार्नी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मार्क कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों को खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### नक्सली समर्थक सरकार पर शांतिवार्ता के लिए दबाव बनाने में जुटे

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तेलंगाना की सीमा पर देश के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान के बीच नक्सलियों के समर्थक कई संगठन सरकार पर शांतिवार्ता के लिए दबाव बनाने में जुट गए हैं। इन्हीं में से एक नक्सलियों के समर्थकों के बड़े गठबंधन ने सोमवार 28 अप्रैल को सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने नक्सलियों के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने और अभियान रोकने की बात कही है। दरअसल नक्सलियों के समर्थकों के बड़े गठबंधन ने सरकार और नक्सलियों के बीच तत्काल शांति वार्ता के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।

# आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई की तैयारी

# प्रधानमंत्री मोदी ने दी सेना को पूरी छूट

- प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है।
- प्रधानमंत्री ने भारतीय सैन्य बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।
- भारत की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आतंकवाद को कुचलने का संकल्प।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है।



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकियों के जोरदार एक्शन की तैयारी है। पीएम मोदी ने आतंकियों पर कार्रवाई के लिए सेना को खूली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने दो-टूक कहा कि आतंकवाद का समूल नाश करना, हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर पूर्ण आस्था और विश्वास व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जवाबी कार्रवाई के तरीके, किस ठिकाने पर कार्रवाई करनी है और किस समय करनी है, यह तय करने का पूरा अधिकार सशस्त्र बलों को दिया जा चुका है।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ डेढ़ घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी मौजूद थे।

इस बैठक के बाद पीएमओ से जारी बयान में सेना को कार्रवाई का फ्री हैंड दिए जाने की बात कही गई। सेना प्रमुखों के साथ हुई बैठक समाप्त होने के थोड़ी देर बाद गृह मंत्री अमित शाह पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। सेना प्रमुखों के साथ हुई बैठक के बाद पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मीटिंग को अहम माना जा रहा है।

#### पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसके बाद देश भर में आक्रोश देखा गया। सूत्रों के अनुसार, भारत ने हमले के बाद अपनी खुफिया एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है और सीमा पार आतंकी ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। सेना ने जम्मू-कश्मीर में अपनी चौकसी बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा, खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित ऑपरेशन शुरू किए जाने की संभावना है।

#### आगामी कदम और कैबिनेट बैठक

बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर और विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है। इसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक भी हो सकती है, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। सीसीएस की बैठक में सेना के ऑपरेशनल प्लान और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि भारत इस हमले का जवाब न केवल त्वरित, बल्कि इतना प्रभावी देगा कि आतंकवादी संगठनों को स्पष्ट संदेश मिले।

### भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का एक्स अकाउंट किया ब्लॉक



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ब्लॉक कर दिया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब आसिफ के सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद पाकिस्तान की भूमिका 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धूर्त देश' के रूप में उजागर हो गई है। पिछले हफ्ते स्काई न्यूज के एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को सपोर्ट, ट्रेनिंग और फंडिंग देने का लंबा इतिहास रहा है, इस पर आसिफ ने स्पष्ट रूप से इस बात को स्वीकारा था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी कबूल कर चुके यह बातइंटरव्यू में आसिफ ने कहा था, हम लगभग तीन दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे को उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने इस बयान को आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के संलिप्त होने की स्पष्ट स्वीकृति बताया। आतंकवाद के पीड़ितों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में पटेल ने कहा, इस खुले कबूलनामे से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ है और यह पाकिस्तान को एक धूर्त देश के रूप में उजागर करता है, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और निराधार आरोप लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग किया है, लेकिन सच्चाई अब सबके सामने आ चुकी है।

## रेलवे के चीफ इंजीनियर के घर सीबीआई का छापा, मिले 70 लाख रुपये नकद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची से बड़ी खबर सामने आई है। रेलवे के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के घर पर सीबीआई दिल्ली की टीम ने छापेमारी की है। इसके साथ ही बिलासपुर स्थित उनके घर पर भी रेड डाली गई। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान सीबीआई को विशाल आनंद के ठिकानों से करीब 70 लाख रुपये नकद मिले हैं। वहीं, उनके भाई कुणाल आनंद के घर से एक किलो सोना भी बरामद किया गया है।

बताया गया है कि विशाल आनंद के खिलाफ रिश्वत लेकर काम कराने की शिकायत सीबीआई को पहले ही मिल चुकी थी। इसके बाद उन पर नजर रखी जा रही थी। विशाल आनंद साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, बिलासपुर में चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। जांच में पता चला कि रेलवे के निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी "झाझरिया निर्माण लिमिटेड" के संचालक और विशाल आनंद के बीच काम के बदले पैसे लेने की बात तय हुई थी। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि एक बैठक के बाद कंपनी के स्टाफ को रांची में विशाल आनंद के रिश्तेदार को 32 लाख रुपये देने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में सीबीआई ने विशाल आनंद सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिनमें कंपनी के निदेशक सुशील झाझरिया, उनके प्रतिनिधि सारांश झाझरिया, विन्नाप झाझरिया, कर्मचारी मनोज पाठक, विशाल के पिता आनंद कुमार झा और भाई कुणाल आनंद भी शामिल हैं। सीबीआई ने रेलवे के चीफ इंजीनियर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### रिम्स को फिर मिला पुराना निदेशक डॉ राजकुमार ने दोबारा संभाला पदभार



**रांची :** राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में फिर से बड़ा बदलाव हुआ है। डॉ।. राजकुमार ने एक बार फिर रिम्स के निदेशक का पद संभाल लिया है। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा निदेशक बनाया गया है। कुछ समय पहले स्वास्थ्य मंत्री और रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने डॉ. राजकुमार को निदेशक पद से हटा दिया था। उनकी जगह डॉ. शशिबाला सिंह को प्रभारी निदेशक बनाया गया था। बर्खास्तगी के खिलाफ डॉ. राजकुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 28 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी और डॉ. राजकुमार को फिर से निदेशक बनाने का रास्ता साफ हो गया। कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 6 मई को होगी। तब तक डॉ. राजकुमार रिम्स के निदेशक के रूप में अपना काम करते रहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर सरकार ने 48 पर्यटन स्थलों को किया बंद

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि घाटी में 48 पर्यटन स्थलों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। यह कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम शहर के पास बैसरन घास के मैदालन में पर्यटकों पर हुए भीषण आतंकी हमले के बाद की गई है। आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक नेपाली नागरिक और एक स्थानीय नागरिक समेत 25 पर्यटक मारे गए थे। आतंकवादियों ने हिंदू पुरुषों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया था।

#### घाटी में कुल 87 पर्यटन स्थल जिनमें 48 पर्यटक स्थल किए गए बंद

घाटी में कुल 87 पर्यटन स्थल हैं, जिनमें से 48 अब बंद हो चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी भारी गिरावट देखी गई। बताना चाहेंगे जो गंतव्य बंद कर दिए गए हैं उनमें युसमर्ग, तौशामैदान, दूधपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर/वाटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटॉप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टॉप, मार्गनटॉप, अकाड पार्क, हब्बा खातून पॉइंट, बाबारेशी, रिंगावली, गोगलदारा, बदेरकोटे, श्रुंज झरना, कामनपोस्ट, नामब्लान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजोरी कदल, आली कदल, पदशापाल रिसॉर्ट्स, फकीर गुजरी, दारा, अस्तानमार्ग व्यू प्वाइंट, अस्तानमार्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, दाचीगाम झ्र ट्राउट फार्म/ मत्स्य पालन से परे खेत, अस्तानपोरा, खास तौर पर कायम गाह रिसॉर्ट, लछपटरी, हंग पार्क और नारानाग शामिल हैं।



#### अन्य स्थलों को प्रदान की गई उचित सुरक्षा

अन्य स्थलों को उचित सुरक्षा प्रदान की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि इनमें से कुछ स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पहलगाम में पर्यटकों की हत्या से देश भर में आक्रोश फैल गया है, सभी धर्मों और क्षेत्रों के लोगों ने आतंकवादियों द्वारा की गई बर्बर हत्याओं की स्पष्ट रूप से निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवादियों, उनके समर्थकों और संचालकों को पकड़ा जाएगा और उन्हें ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। सुरक्षा बलों ने आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख सहित सक्रिय आतंकवादियों के 10 घरों को ध्वस्त कर दिया है, जिन्हें पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार बताया गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में हमले को जघन्य, बर्बर, अमानवीय और कायरतापूर्ण कृत्य बताया गया। इसमें कहा गया कि इस तरह की आतंकी घटनाएं कश्मीरियत के मूल्यों, संविधान के मूल्यों और एकता, शांति और सद्भाव की भावना पर सीधा हमला करती हैं। विधानसभा ने हाल ही में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# लातेहार में टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार के साथ टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र उरांव, निरंजन उरांव, बबलू यादव, अशोक साहू और चतरा निवासी बालेश्वर उरांव शामिल है।

दरअसल टीएसपीसी नक्सलियों के द्वारा पिछले कुछ दिनों से बालूमाथ से टंडवा के बीच में कोयला परिवहन को लेकर निमार्णाधीन कन्वेयर बेल्ट के संवेदक को धमकी देकर रंगदारी की मांग की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव ने पुलिस की एक टीम बनाकर मामले की छानबीन आरंभ की।



इसी बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध लोग किसी हिंसक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम तत्काल जंगल में छापामारी करने पहुंची।

हालांकि पुलिस को देखकर सभी अपराधी भागने लगे परंतु पुलिस ने घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों से जब पूछताछ की गई तो सभी की पहचान टीएसपीसी नक्सलियों के रूप में हुई।

#### कई घटनाओं के आरोपी हैं गिरफ्तार नक्सली

मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इनमें तीन ऐसे नक्सली हैं जो पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।


## एक नजर

### उपायुक्त के जनता दरबार में दर्जन से अधिक फरियादियों ने दिया आवेदन



**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने पीडीएस दुकान, मारपीट, आवास योजना का लाभ दिलाने, दाखिल खारिज, पेंशन, दिव्यांगता साईकिल दिलाने आदि आवेदन देकर समाधान की मांग की। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

### बिरसा हरित चेतना अभियान की बैठक पलान्दू में संपन्न



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के पलान्दू में बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत बैठक की गई इस बैठक की अध्यक्षता कृष्ण दयाल महतो ने की इस बैठक में बिरसा हरित चेतना अभियान के विषयों में लोगों को बताया गया। जल जंगल जमीन पर चर्चा की गई। वन जीवन एवं मनुष्य के बीच संबंध के बारे में बताया गया। केंचुआ खाद का प्रयोग करने के बारे में लोगों के बीच चर्चा किया गया साथ ही समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष का चयन किया गया अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद महतो ,उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार महतो, सचिव किरण कुमारी , उपसचिव बसंती देवी ,कोषाध्यक्ष सुनीता कुमारी को बनाया गया सदस्य के रूप में कृष्ण दयाल महतो, सोमर कुमार ,रोशन कुमार प्रसाद ,सरजू कुमार महतो, जयराम महतो, बबलू गंझू, काजू देवी, सुमन कुमारी, जेसो देवी, किरण देवी,विराजे कुमारी को बनाया गया बैठक में पलान्दू गांव के सभी ग्रामीणों ने भाग लिया और जल जंगल बचाने का शपथ लिया है।

### पीएच. डी. उपाधि



विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने महेंद्र कुमार राणा असिस्टेंट प्रोफेसर, कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा को विज्ञान संकाय के गणित विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की। उनका शोध कार्य 'On the Construction of Hadamard Matrices and their Generalization with Some Cryptosystems' विषय पर आधारित था। यह शोध डॉ. पंकज कुमार मांझी के निर्देशन में पूरा किया गया। पीएच.डी. की उपाधि का आधिकारिक अधिसूचना दिनांक 29 अप्रैल 2025 को जारी किया गया।

Memo No. VBU/Ex/Ph.D/4275/25

# एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र को स्थायित्व और गति देने वाला ऐतिहासिक कदम है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में समाजसेवी ज्ञान चंद प्रसाद जी के नेतृत्व में एक देश, एक चुनाव पर एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके पश्चात विद्यालय के मंत्रोच्चारण द्वारा कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप प्रसाद को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र एवं हनुमान चालीसा की भेंट कर भावपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप प्रसाद ने कहा कि एक देश, एक चुनाव केवल एक चुनावी सुधार नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को अधिक सशक्त, संगठित और संसाधन-कुशल बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग समय पर बार-बार चुनाव कराए जाने से न केवल आर्थिक व्यय बढ़ता है, बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा आती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इससे प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से व्यापक लाभ मिलेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम जनता की भागीदारी और भी प्रभावी हो सकेगी। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और एक देश, एक चुनाव के समर्थन में स्वर बुलंद किए। वक्ताओं ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए इसे राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष सुधा वर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनन्द देव, सुदेश चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा (साक्षी), जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा, पुनम कसेरा, इंदु देवी, रानी कच्छप, हेमंती देवी, सोनी देवी, सोनी क्षेत्री, बबीता जी सहित अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों ने भाग लिया। विद्यालय की शिक्षिकाएं, आचार्यगण, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी ने एक देश, एक चुनाव के समर्थन में सामूहिक रूप से अपना मत प्रकट करते हुए इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी ज्ञान चंद प्रसाद ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलें सांसद मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके कार्यालय सभागार में मुलाकात किया और एनटीपीसी पंकरी-बरवाडीह कोल माइंस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार से संबंधित मुद्दा उठाया और ज्ञापन भी सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी द्वारा पकरी-बरवाडीह कोल माइन्स का संचालन वर्ष 2016 से किया जा रहा है, तथा यहां से उत्पादित कोयले को 25 किलोमीटर की दुरी पर अवस्थित बा नादाग कोल साइडिंग से रेल द्वारा विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा निर्माणधीन कन्वेयर बेल्ट और रैपिड लोडिंग सिस्टम अब तैयार हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोयले की सड़क मार्ग से ढुलाई 2026-27 से शून्य कर दिया जाएगा। यह निर्णय उन हजारों परिवारों के लिए बड़ा संकट लेकर आ रहा है, जिन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के भरोसे पर डम्पर खरीदकर अपनी रोजी-रोटी स्थापित की थी। आज क्षेत्र में 500 से अधिक डम्पर संचालित हैं, जिनसे जुड़े हजारों ड्राइवर, खलासी, मिस्त्री, मोबिलाइजर और उनके परिवार पूरी तरह इस कार्य पर निर्भर हैं। यदि एक झटके में परिवहन कार्य पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट पर स्थानांतरित कर दिया गया, तो क्षेत्र में 5000 से अधिक लोग बेरोजगारी की चपेट में आ जाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने मंत्री भूपेंद्र यादव के माध्यम से सरकार और संबंधित मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। सांसद मनीष जायसवाल ने आगामी वर्षों में सड़क मार्ग से न्यूनतम 50% कोयला ढुलाई की अनुमति जारी रखी जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

# विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं बच्चों के उज्वल भविष्य की नींव हैं : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में लायंस क्लब की ओर से एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रचंड गर्मी में ठंडे और स्वच्छ जल की सुविधा उपलब्ध कराना था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए,कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब हजारीबाग द्वारा विद्यालय को एक आधुनिक वाटर कूलर भेंट किया गया, जिसकी लागत लगभग 40,000 है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने फीता काटकर वाटर कूलर का उद्घाटन किया तथा इसे विधिवत विद्यालय के बच्चों को समर्पित किया। मुख्य अतिथि प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर कहा की बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ और शीतल जल की सुविधा बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों के लिए अनिवार्य है। लायंस क्लब द्वारा यह प्रयास निःसंदेह समाज सेवा की मिसाल है। मैं इस कार्य के लिए, क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा जी और उनकी पूरी टीम को हृदय से बधाई देता हूं और आशा करता हूं की भविष्य में भी इसी तरह समाज हित में कार्य करते रहेंगे। लायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा की हमारा क्लब सामाजिक सरोकारों को लेकर सदैव जागरूक और सक्रिय रहा है। विद्यालयों में जल सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। हमें गर्व है कि हम बच्चों के लिए उपयोगी यह सुविधा प्रदान कर सके। लायंस क्लब समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करता रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की हमारी यह पहल आगे भी जारी रहेगी।


# एचसीएल फाउंडेशन ने की ग्रांट विजेताओं की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** एचसीएल फाउंडेशन जो भारत में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडे को आगे बढ़ाता है, ने आज एचसीएल टेक ग्रांट के 2025 संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। एचसीएल टेक ग्रांट शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाले भारतीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का समर्थन करता है। इस वर्ष, एचसीएल टेक ग्रांट को देश भर के एनजीओ से 13,925 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। प्रत्येक श्रेणी में तीन विजेता एनजीओ को उनकी प्रभावशाली परियोजनाओं के लिए 5 करोड़ का अनुदान दिया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में छह उपविजेता एनजीओ को 25 लाख का अनुदान दिया जाता है। आज तक, एचसीएल फाउंडेशन ने अधिक प्रभाव वाली परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए एचसीएल टेक ग्रांट पहल के माध्यम से 152.8 करोड़ का पुरस्कार दिया है। अपने 10 वें संस्करण में, एचसीएल टेक ग्रांट ने 22 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 142 जिलों में 59 परियोजनाओं का समर्थन किया है। एचसीएल टेक ग्रांट जूरी की अध्यक्ष और एचसीएल टेक की पूर्व बोर्ड सदस्य सुश्री रॉबिन अब्राम्स,वंचित समुदायों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भविष्य में भी ऐसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय को रामनवमी 2025 के जुलूस को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कराने में उनकी भूमिका के लिए झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव मो. अजीब अंसारी, शकील खान, सुधीर रविदास ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उपायुक्त की प्रशंसा की और उनके प्रयासों की सराहना की। झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कौशल के कारण जुलूस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के नेतृत्व में हजारीबाग में लगातार चौथी बार रामनवमी शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई। उपायुक्त ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उनकी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा शांति और सौहार्द बनाए रखना रही है। उपायुक्त ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनकी टीम हमेशा तैयार रहेगी ताकि ऐसे आयोजन शांतिपूर्ण और बेहतर तरीके से संपन्न हो सके।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 शतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** श्री श्री 1008 शतचण्डी महायज्ञ बड़कागांव प्रखंड के बादम में भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार को शुभारंभ हुआ। नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलशयात्रा पंचवाहिनी माता स्थान से माथे पर कलश लेकर जल लाने के लिए हजारों श्रद्धालु बादम महतो मोहल्ला, बनिया मोहल्ला, बस स्टैंड, डांभाडीह सिमासी बागी होते हुए नागदेवतानी के निकट नापो , बेंगी व बड़की नदी के तीन मुहान पहुंचे और 21 आचार्य व पंडितों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत जल उठाकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ हवन का कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए महायज्ञ की शुरूआत की गई। 9 दिवसीय महायज्ञ में भव्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है जिसमें यज्ञ स्थल के समीप ही मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं। साथ ही साथ 30 अप्रैल से 6 मई तक कथा वाचन का कार्यक्रम होगा। 7 मई को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ कार्यक्रम में यज्ञाचार्य गिरिडीह से मनोज कुमार पांडेय,उपाचार्य उदय शास्त्री ,संजय शास्त्री ,विजय शास्त्री ,गंगा शास्त्री ,गणेश शास्त्री, सागर शास्त्री सूरज शास्त्री रितेश शास्त्री ,रूपेश शास्त्री ,अमन पंडित ,आदित्य शास्त्री, शुभम शास्त्री समेत 21 पंडितों द्वारा विद्युत पूजा अर्चना के उपरांत महायज्ञ की शुरूआत की गई। जिसमें मुख्य पुजारी सुरेंद्र महतो, त्रिशूल महतो, भूदेव महतो, प्रभु महतो, युगेश्वर महतो, इंद्रदेव महतो, रामसेवक महतो, मुरली साव, धर्मनाथ महतो द्वारा अपने परिवार के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। कथावाचन के लिए मध्यप्रदेश से कथावाचिका कैलाश नगर, श्रीधाम, वृंदावन, उत्तरप्रदेश से बाल विदुषी सुश्री अंजना किशोरी है। वहीं जागरण कार्यक्रम में भजन गायक मंटू निराला और भजन गायिका पल्लवी झा के द्वारा भक्ति गीतों से माहौल को भक्तिमय बनाया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन आनंद पांडेय के द्वारा महा आरती सह गंगा आरती किया जाएगा। महायज्ञ में अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, उपसचिव प्रकाश राम, उपकोषाध्यक्ष काली चरण कुमार, संरक्षक सहेश्वर महतो, संजय मेहता, ग्राम अध्यक्ष भूदेव महतो, ग्राम कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, ग्राम युवा अध्यक्ष भवेश कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष महतो, राजू महतो, कैलाश कुमार, राजेंद्र उर्फ राजू महतो, गोविंद महतो, ज्ञानी महतो, दिलीप महतो, सोमनाथ महतो, बिरजू महतो, त्रिवेणी महतो, हीरामणि महतो, फुलेश्वर महतो, टिकेंद्र कुमार ,शुभनाथ महतो, गौतम वर्मा, प्रदीप साव, सीताराम साव, विक्रम गुप्ता, नितेश वर्मा, आशीष प्रजापति सहित संपूर्ण ग्रामीण का सहयोग सराहनीय है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शरबत तरबूज पेयजल व माला पहनकर की गई स्वागत- कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शरबत तरबूज पेयजल व माला पहनकर हरली पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र महतो की अध्यक्षता में हरली के ग्रामीणों द्वारा एवं चुनारी के ग्रामीणों द्वारा की गई ।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब जागृति ने सेवा भारती की दो महिलाओं को दिया सिलाई मशीन



**हजारीबाग :** हजारीबाग रोटरी क्लब जागृति ने सेवा भारती के आग्रह पर दो महिला प्रभा कुमारी और अंशुराज मौर्य को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से दो सिलाई मशीन प्रदान किया। रोटरी क्लब की अध्यक्षा मंदिरा गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष सुरेश ने सेवा भारती, हजारीबाग के सचिव मनोज गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक आशुतोष की उपस्थिति में मशीन प्रदान किया। इस अवसर पर मंदिरा जी ने दोनों मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनने हेतु अपना आशीर्वाद दिया। सुरेश जी ने भविष्य में और सहयोग देने का आश्वासन दिया। संघ कार्यालय में आयोजित समारोह में आशुतोष ने रोटरी क्लब को धन्यवाद देते हुए सामाजिक कार्यों में सेवा भारती का सहयोग लेने की बात कही। मनोज गुप्ता ने सेवा भारती का संक्षिप्त परिचय कराया और रोटरी क्लब को सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। समाज के वंचित, उपेक्षित वर्ग के लिए, सामाजिक समरसता को बढ़ाने पर बल देने की बात कही लाभुक प्रभा कुमारी और अंशुराज मौर्य ने स्वयं के साथ पन्द्रह बीस मातृ शक्ति को स्वावलंबी बनाने का आश्वासन दिया और कार्य योजना की जानकारी दी शान्तिलाल अग्रवाल ने सिलाई केन्द्र शुरू होने की पहल पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की मंदिरा गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, संदीप पाल, रूपा पाल, पुष्पा प्रसाद एवं सेवा भारती के मनोज गुप्ता, श्रीकांत कुमार, राजकुमार मौर्य, अजित राज, शान्ति लाल अग्रवाल, गोविन्द कुमार, पूनम कसेरा, सत्यभामा, सरिता अग्रवाल, संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष, वनवासी कल्याण आश्रम के चन्द्रेशवर मुण्डा, प्रधानाचार्य संजीव झा, लाभुक प्रभा कुमारी, अंशुराज मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पाकिस्तान में भारतीय सैनिक को बनाया गया बंदी, विधायक ने परिजनों से की मुलाकात



**बड़कागांव :** भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच 5 दिन पूर्व गलती से सीमा पार कर गए बी.एस.एफ. जवान पी.के. साहू को पाक सेना ने बंदी बना लिया है। सूचना पाकर बड़कागांव की पूर्व विधायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले स्थित उनके घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और भावुक क्षणों को साझा किया। परिजनों की आंखों में अपने बेटे के जल्द वापस लौटने की उम्मीद और चिंता दोनों साफ झलक रही थी। इस दौरा अंबा प्रसाद के साथ एआईसीसी महासचिव आशुतोष चट्टोपाध्याय, एआईसीसी प्रवक्ता मीता चक्रवर्ती, प्रदेश सचिव सुमन रॉय चौधरी, पार्षद ज्योति दास सहित कईओ ने परिवार को ढांढ़स बंधाया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। हम पी.के. साहू की त्वरित और सुरक्षित वापसी के लिए हर स्तर पर पूरी ताकत से संघर्ष कर रहे हैं। परिवार को भरोसा दिलाया है कि वे इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं पूरा देश उनके साथ है।

### सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का रामगढ़ में हुआ भव्य स्वागत



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का रामगढ़ में मंगलवार को भव्य स्वागत सह अभिनंदन किया गया। रंजन चौधरी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि का दर्जा प्राप्त है। सांसद प्रतिनिधि मीडिया रंजन चौधरी का सम्मान समारोह रामगढ़ के कलश वेंकटेश सभागार में भाजपा नेताओं एवं सांसद प्रतिनिधियों की ओर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में रंजन चौधरी ने सांसद मनीष जायसवाल और आयोजकों, साथ ही समारोह में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं का तहेदिल से आभार जताया। रंजन चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बड़ा दायित्व दिया है। अब हजारीबाग सदर विधानसभा से आगे बढ़कर पूरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है। उन्हें उम्मीद है कि पूर्व की भांति पूरे लोकसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह और सहयोग उन्हें मिलता रहेगा। अपने स्वागत से अभिभूत होकर रंजन चौधरी ने रामगढ़ जिले के पार्टी के नेताओं और सांसद प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल व पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रेम और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर रामगढ़ विधानसभा के प्रमुख भाजपा नेताओं एवं सांसद प्रतिनिधियों ने रंजन चौधरी का पुष्पगुच्छ एवं अंग-वस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ के भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, ,रामगढ़ कैंट मंडल के भाजपा अध्यक्ष सूर्यदेव श्रीवास्तव, रामगढ़ विधानसभा के सह- सांसद प्रतिनिधि बिनोद राम, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस, बजरंग सिंह, अशोक छाबड़ा, अमर बोदरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीआईजी ने एसडीपीओ, इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी हुए सम्मानित

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न होने पर बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं थाना प्रभारी नेमधारी रजक को डीआईजी संजीव कुमार एवं हजारीबाग पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की बड़का गांव प्रखंड के बड़कागांव मुख्यालय ,हरली नापोखुर्द एवं पलान्दू में रामनवमी त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ था जिसमें। स्थानीय पुलिस प्रशासन की योगदान सराहनीय रहा था। सम्मानित किए जाने पर दोनों समुदाय हिंदू मुस्लिम के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, दिनेश सिन्हा, इलाकाई सदर हाजी तबस्सुम, पंसस रितेश ठाकुर कृष्णा राम, मुखिया तकरीमुल्लाह खान मोहम्मद खुर्शीद,भीखन महतो, अजीत महतो, रामशेर आलम, मोहम्मद इब्राहिम ,गुड्डू मलिक, विनोद यादव के अलावा दर्जनों लोग शामिल है ।

## एक नजर

### ध्वनि प्रदूषण रोक पर रांची छोड़ अन्य जिलों की नहीं दी रिपोर्ट हाई कोर्ट नाराज

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने पर्व त्योहारों पर ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर उठाये गये कदमों के बारे में जानकारी नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने सिर्फ रांची जिले में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए की गयी कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया है। अदालत ने बाकी जिलों के शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जताते हुए मौखिक रूप से कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया ऐसा लगता है कि राज्य के अन्य जिलों में त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अदालत ने सरकार को सभी जिलों में पर्व त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए की गयी कार्रवाई की जानकारी देने के लिए छह मई तक का समय दिया है। इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पैरवी की।

### अनुशासन शैक्षणिक संस्था का मूल आधार : प्राचार्य

रांची : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में विद्यालय परिवार ने मंगलवार को नवनियुक्त प्राचार्य बिपिन राय का स्वागत किया। राय इससे पूर्व डीएवी पब्लिक स्कूल, बोकारो के कथारा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। अब वे डीएवी हेहल में अपने नए कार्यकाल की शुरूआत करेंगे। वहीं प्रात:कालीन सभा में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अनुशासन किसी भी शैक्षणिक संस्था का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि अनुशासन ऐसा रामबाण है जो विद्यालय को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है। हमें मिलकर अनुशासन का निरंतर विकास करना चाहिए, ताकि हम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। राय ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे अनुशासन के आदर्श प्रस्तुत करते हुए छात्रों के समग्र विकास में सहायक बनें। सभा के बाद विद्यालय परिसर स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिपिन राय ने यज्ञ में आहुति दी और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्राचार्य का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (जी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं. तथा तारीख, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी** निम्नलिखित हैं: (1) 18-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26, दिनांक: 26.04.2025; चक्रधरपुर मंडल के तहत आवासीय क्वार्टरों तथा अन्य भवनों पर रूफ टॉप आधारित सौर संयंत्रों की स्थापना साथ में मुक्त छत की जगह (दूसरा आमंत्रण); रु. 25,12,47,166.08; रु. 14,06,200/-; (2) 09-ईएल-डब्ल्यूटी-2025-26,दिनांक: 26.04.2025; चक्रधरपुर मंडल के तहत विद्युत आपूर्ति प्रणाली की वृद्धि, उन्नयन एवं सुधार तथा एससीएडीए के साथ अन्य कार्य; रु. 1,10,98,921.00; रु. 2,05,500/-; **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु. में):** दोनों के लिए शून्य। **बंद/खुलने की तारीख:** दोनों के लिए 30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदातागण के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रक्रिया में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदातागण ही भाग ले सकते हैं। (PR-96)

# राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी : स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि प्रदेश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम चाहते हैं कि एआई तकनीक से इलाज हो। उन्होने विभाग के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने निजी अस्पतालों में इलाज के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल जब तक आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पैसा रहता है तब तक तो इलाज करते हैं, इसके बाद उन्हें रेफर कर देते हैं। ऐसे में गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति अमानवीय है और अस्पतालों को मरीज के इलाज की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में निजी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े बहुत सारे लोग नहीं आ पाए हैं लेकिन हम उनके लिए फिर से एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और मैं हर हाल में आपको मदद ही करूंगा। मैं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना चाहता हूं। अगर कोई समस्या हो तो आप सीधे मुझसे बात कर सकते हैं। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले अस्पतालों को होने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए है। साथ ही अस्पताल और विभाग के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 31,000 बेड हैं जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 15,500 के आसपास बेड हैं और यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। उन्होंने कहा कि राज्य के अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ानी चाहिए, क्योंकि राज्य में 1,13,000 बेड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। दोनों में हम बेहतर कर रहे हैं इसलिए दूसरे राज्य के लोग भी हमारे राज्य में इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुविधाएं दे रहे हैं ताकि कोई भी इलाज से वंचित न हो। उन्होंने सभी अस्पतालों के प्रबंधन से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती हो तो हमें बताएं हम पूरी मदद करेंगे। इस मौके पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने सभी प्राइवेट अस्पतालों से गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करने का आग्रह किया।

## रांची में सांड का आतंक, बुजुर्ग को मार डाला, एक सप्ताह में 3 लोगों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा गांव और आसपास के इलाकों में एक उग्र सांड का आतंक छाया हुआ है। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे इस सांड ने 65 वर्षीय दिलीप रजवार पर हमला कर उनकी जान ले ली। दिलीप रजवार एजी ऑफिस से रिटायर हुए थे और मंदिर के पास से घर लौट रहे थे, तभी सांड ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह सांड अब तक कई लोगों को घायल कर चुका है और इससे पहले 2 लोगों की मौत भी हो चुकी है। एक सप्ताह पहले तुंबागुटू निवासी फुचका विक्रेता सुखलाल और प्रेम नगर की सावना पर भी इसी सांड ने हमला किया था। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, लटमा गांव में रहने वाले कुछ किन्नरों ने गाय पाल रखी थी।
उसी गाय का बछड़ा अब बड़ा होकर सांड बन चुका है और पूरे इलाके में दहशत फैला रहा है। 6 महीने में यह सांड दुकानों को नुकसान पहुंचा चुका है और राह चलते लोगों को मारकर घायल कर चुका है। अब महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे डर के मारे बाहर निकलना बंद कर चुके हैं। घायलों में रामा रजवार, लुकास कच्छप, मुरली उरांव, शिबू सिंह, पिले उरांव, स्टीफन कच्छप और मंगरा कच्छप जैसे कई लोग शामिल हैं। ग्रामीणों ने पूर्व पार्षद सविता लिंडा से मदद की गुहार लगाई है।

पार्षद ने नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर सांड को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है। वहीं समाजसेवी लाल प्रमोद नाथ शाहदेव ने भी रांची गौशाला से सांड को वहां रखने की अपील की है। इलाके में लोग डरे हुए हैं और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि आम जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

## बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ को लेकर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर घुसपैठ को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की गंभीर स्थिति को प्रमाणित करने के लिए उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था लेकिन अपनी असलियत उजागर होने के भय से हेमंत सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया और दावा किया कि राज्य में कोई घुसपैठिया नहीं है। अब झामुमो के प्रवक्ता खुलेआम यह गलतबयानी कर रहे हैं कि राज्य सरकार ने घुसपैठ की जांच रुकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल नहीं की। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि सोमवार को मुंबई में 13 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार हुए, जिनके अवैध दस्तावेज झारखंड के साहिबगंज जिले से बनाये गये थे। झामुमो जितना चाहे मेरे दावे को झूठला ले, लेकिन सच्चाई को नहीं छुपा सकती। सच्चाई यही है कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की स्थिति अब विस्फोटक बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि आदिवासी मूलवासियों की रक्षा कीजिए और झारखंड को बचाइये। दूसरी ओर बाबूलाल मरांडी ने सीजीएल नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री क्या अब भी आपको समझ में नहीं आ रहा कि सीजीएल नियुक्ति में घोटाला हुआ है और नौकरी बिकी है और बिक रही है। उन्होंने कहा कि बाल हठ छोड़िये। इनदिनों लीपापोती, मनमानी, गड़बड़ी करने और घपला दबाने के लिये मशहूर राज्य सीआईडी के भरोसे यह जांच मत करवाईये। इसे सीधे सीबीआई के हवाले करिये ताकि झारखंड के बेरोजगारों के साथ इंसाफ हो सके।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब छह मई को, आएंगे खड़गे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : रांची के पुराना विधानसभा मैदान में होगी। पूर्व में इस रैली की तिथि तीन मई को तय थी। रैली की तिथि में फेरबदल की जानकारी प्रदेश कांग्रेस के अध्येक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रैली में अखिल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। महतो ने कहा की रैली के बाद प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक भी होगी। इसमें मल्लिकार्जुन और केसी वेणुगोपाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह झारखंड कांग्रेस के लिए खुशी की बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे। पार्टी के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सहित आम जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति राज्य की जनता जागरुक है। जनता संविधान की रक्षा की इस लड़ाई में पूरी तरह से हमारे साथ खड़ी है। कांग्रेस आम लोगों के अधिकारों का दमन नहीं होने देगी। संविधान रक्षा की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर,मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, मुख्य प्रवक्ता किशोर शाहदेव और सोनाल शांति सहित अन्य मौजूद थे।

## पत्नी की हत्या के आरोपी एसडीओ को हाई कोर्ट से मिली जमानत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत दे दी है। हाई कोर्ट ने जमानत के किए कुछ शर्तें भी रखी हैं, जिनका पालन अशोक कुमार को जमानत पर रहने के दौरान करना होगा। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने मंगलवार को अशोक कुमार को बेल दी है। दरअसल, पुलिस ने इसी वर्ष 09 फरवरी को हजारीबाग सदर के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अशोक कुमार को उनकी पत्नी की मौत में कथित संलिप्तता को लेकर गिरफ्तार किया था। उनकी पत्नी ने पिछले साल दिसंबर में कथित तौर पर खुद को आग लगा ली थी। रांची के फिलहाल अशोक कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

# गर्भवती पत्नी, बेटा-बेटी सहित छह लोगों के हत्यारे की फांसी की सजा को हाई कोर्ट ने रखा बरकरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : अपने ही परिवार के छह लोगों की निर्मम हत्या करने के एक मामले में फांसी की सजा पाए गांगो दास की क्रिमिनल अपील और फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलावार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत की ओर से गांगो दास को सुनाए गए फांसी की सजा को कंफर्म किया है। इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर की संज्ञा में रखा है। साथ ही गांगो दास की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपराध की इस घटना को जघन्य और घृणित कार्य माना है। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, कोडरमा की की निचली अदालत में अक्टूबर 2024 में आरोपित गांगो दास को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। गांगो दास ने इसे हाई कोर्ट ने चुनौती दी थी। कोडरमा की निचली अदालत में ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया था। घटना 26 नवंबर 2019 को हुई थी। उस समय नवलशाही थाना में पड़ोसी मदन दास के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। मदन दास ने दर्ज केस में बताया था कि 26 नवंबर 2019 की रात वह खाना खाकर सो गया था। रात करीब 9:45 बजे उसका पड़ोसी गांगो दास शराब के नशे में हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया था और वह पत्नी शीला देवी से झगड़ा करने लगा था। इसी बीच गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया था। यही नहीं उसने अपनी पुत्री राधिका कुमारी (4) एवं पुत्र पीयूष कुमार( 2) को भी चाकू और रड से मार दिया था। इससे घटनास्थल पर ही राधिका कुमारी एवं पीयूष कुमार की मौत हो गई थी। हल्ला गुल्ला सुनकर जब उसकी मां मसोमात शांति देवी बचाने आई तो उसे भी रड और चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। यही नहीं आरोपी ने अपनी भतीजी चांदनी कुमारी और नीतिका कुमारी को भी रड और चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जब आसपास के लोग वहां जुटे तो आरोपित ने खुद को एक रूम में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और खुलवाने का प्रयास करने पर लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा था। आस पड़ोस के लोगों की ओर से एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जल्द सदर अस्पताल भेजा गया था।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक सुधा लील्हा ने की भेंट



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक सुधा लील्हा सहित अन्य लोगों ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान सुधा लील्हा ने संस्था की विस्तृत गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। दूसरी ओर से राज्यपाल से स्कूल एरा रांची के प्रबंधकीय संपादक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को विद्यालय के रजत सम्मान समारोह में आमंत्रित किया। साथ ही विद्यालय की ओर से प्रकाशित मासिक पत्रिका भी भेंट की।

### झारखंडः दिन में गर्मी और रात में हो रहा ठंड का एहसास



रांची : झारखंड में मौसम के बदले मिजाज की वजह से दिन में गर्मी और शाम में ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं रात में तापमान गिरकर लगभग 25 डिग्री के स्तर तक पहुंच जा रहा है। राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान गिरकर 18 डिग्री हो गया जो औसत तापमान से चार डिग्री कम है। यही स्थिति जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, बोकारो और चाईबासा सहित अन्य जिलों में भी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में बदलाव की स्थिति दो-तीन मई तक देखने को मिलेगी। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बारिश, गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं काल बैसाखी के प्रभाव से चल रही हैं। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ और शाम होते ही ठंडी हवाएं चलीं। साथ ही बूंदाबांदी भी हुई। इससे वातावरण सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से निजात मिली। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, जमशेदपुर में 34.5, डाल्टेनगंज में 37.4, बोकारो में 34.1 और चाईबासा में 33.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस मनाया गया



रांची : सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची द्वारा मंगलवार को सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस धूमधाम से मनाया गया। विश्व इस्पात संघ के तत्वावधान में यह दिवस हर साल 28 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। समारोह के एक हिस्से के रूप में, सेल के संयंत्रों और इकाइयों के कर्मचारियों के लिए सेल सुरक्षा सर्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेल के विभिन्न संयंत्रों/इकाइयों से 37 प्रतिभागियों वाली कुल 9 टीमों ने भाग लिया। टीम ने निर्णायक मंडल के समक्ष कार्यस्थल पर खतरों के शमन के लिए परियोजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। शॉर्टलिस्ट की गई टीमों में से, दुर्गापुर स्टील प्लांट की टीम समग्र विजेता बनी, टीम बीएसपी और आरएसपी को प्रथम रनर अप और द्वितीय रनर अप घोषित किया गया। टीम आईएसपी और एसएसपी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार समारोह में अनूप कुमार, ईडी (एसएसओ), एस वशिष्ठ, सीजीएम (सुरक्षा), एसएसओ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के निर्णायक जी पी सिंह, पूर्व सीजीएम (बीएसपी), एस के दास, सीजीएम (सीईटी) थे। कार्यक्रम का समन्वयन अभिषेक कुमार, एजीएम (सुरक्षा), एसएसओ द्वारा किया गया।

### 151वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 151 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जो सत बार पाठ कर कोई छुटई बंदी महासुख होई के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। चंद्रकांत झुनझुनवाला पुष्पा झुनझुनवाला ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। चंद्रकांत झुनझुनवाला ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुन: श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने केला फल प्रसाद ओम प्रकाश छावनीका ने सेब संतरा सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी श्रवन ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा चंद्रकांत झुनझुनवाला पुष्पा झुनझुनवाला सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# बोकारो में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जन्म जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भगवान परशुराम की जन्म जयंती आज चास स्थित मगध कॉम्प्लेक्स के सभागार में स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज चास बोकारो के द्वारा धूमधाम से मनाई गई। जन्मजयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता और अरुण कुमार शर्मा और संचालन अभय कुमार मुन्ना ने किया। भगवान परशुराम जन्मजयंती कार्यक्रम का शुभारंभ उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ शाही ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार के रूप में त्रेतायुग में ऋषि जमदग्नि एवं रेणुका के घर मे भार्गव वंश में अवतरित हुए थे और



अजर अमर है। भगवान परशुराम का बाल्यकाल में राम नाम था। वे बाल्यकाल से ही वीर, तेजस्वी एवं धर्मपरायण थे। उन्हें भगवान शिव से शिक्षा एवं परशु नामक अस्त्र प्राप्त हुआ। जिसके कारण उनका परशुराम नाम पड़ा। उन्होंने अपने पिता के आदेश का पालन करते हुए अपनी माता का गर्दन परशु अस्त्र से कर दिया था। श्री शाही ने कहा कि हैहाय वंश के सहस्त्रार्जुन के वंशजों ने भगवान परशुराम के पिता की हत्या एवं उनके शरीर पर 21 घाव किए थे। जिससे उन्होंने क्रोधित होकर हैहाय वंश के राजाओं का 21 बार संहार किया था। भगवान परशुराम के पास एक सशक्त सेना थी जिसमें क्षत्रिय, वैश्य,सूद्र एवं ब्राम्हण वर्ग के एक से बढ़कर एक योद्धा थे। उन्होंने युद्ध में विजयी क्षेत्र का बंटवारा 15 भागों में करके उसमें पांच भाग पर सूद्र, तीन भाग पर क्षत्रिय, तीन भाग पर वैश्य और तीन भाग पर ब्राम्हण एवं ऋषियों को राज करने के लिए राजा बनाया। उन्होंने अपने या अपने समाज के किसी वंशज को उत्तराधिकारी नहीं बनाया। वे केवल आताताई क्षत्रियों का संहार करके उनका समूल नष्ट किया। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर निस्वार्थ देश हित समाज हित में कर्तव्य निभाने की आवश्यकता है। श्री साही ने कहा कि परशुराम समाज हमेशा ज्ञान एवं पराक्रम के बल पर देश को दिशा दिखाने का कार्य किया है। आज भी हमारे वंश के लोग इस शक्ति के आधार पर देश ही नहीं दुनिया में भी अपना परचम हर क्षेत्र में फहरा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ टी.पी सिंह ने कहा कि हमें गौरव महसूस करना चाहिए कि हम ऋषि कुल और उनकी परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। ऋषि मुनियों ने सदैव समाज के हर लोगों को एक समान हर क्षेत्र में आगे बढाने का कार्य किया है। आज भी सेवा समाज के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय सहित हर क्षेत्र में समाज के सभी लोगों को जोड़कर कार्य किया जा रहा है और आगे भी हमें इस कार्य को बढ़ाना है। यही भगवान परशुराम के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सेवा समाज के केंद्रीय महासचिव उमाशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम के प्रति आम समाज में एक गलत धारणा है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो अधिवक्ता घायल



**धनबाद :** 8 लाइन मुख्य मार्ग बड़कीबोआ पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को करीब 10 बजे घोनाथी निवासी अधिवक्ता अजय कुमार व अपने साथी बाइक से धनबाद कोर्ट जा रहे थे।उक्त घटना बड़कीबौआ के पेट्रोल पम्प के समीप असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घायल को स्थानीय लोगों ने पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा दिया। घायल को बेहतर इलाज के लिए धनबाद के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### तेज हवा के कारण गिरा एस्बेस्टस सीट तीन लोग घायल



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां तिलकधारी महतो के घर का एस्बेस्टस सीट तेज हवा के कारण गिर गया, जिससे उनकी पत्नी आसू देवी , बहू रंजिता देवी और तीन वर्षीय पोती रिद्धि कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर बोकारो रेफर कर दिया गया। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिवार के सदस्यों में चिंता का माहौल है।

### विद्यालय में जेवियर आइडल का हुआ आयोजन



**बोकारो :** हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी के इंटरैक्ट क्लब द्वारा जेवियर आइडल 2025-26 का आयोजन किया गया, जो वास्तव में अत्यंत सफल रहा। इस कार्यक्रम का संचालन क्लब समन्वयक चंद्रिमा रे के मार्गदर्शन में किया गया। हमारे सम्माननीय निर्णायक मंडली में आशुतोष तिवारी, महुआ दत्त और आशा नविन शामिल थीं।
प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी प्रस्तुति से मंच को जीवंत कर दिया और अपनी मधुर आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीच-बीच में प्रस्तुत की गई शायरियों ने कार्यक्रम में और भी रंग भर दिया। जूनियर सेक्शन के परिणाम इस प्रकार रहे : प्रथम स्थान पर इशिता चक्रवर्ती, द्वितीय स्थान पर हर्ष राज और तृतीय स्थान पर एलेना मिंज रहीं। वहीं, सीनियर सेक्शन में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर गौरी झा और मोहना दास, द्वितीय स्थान पर बिस्वजीत महापात्रा और तृतीय स्थान पर ताहिर सादली रहे। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र इस कार्यक्रम के दर्शक थे, जिन्होंने पूरे मन से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। हमारे प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने सभी को अपनी शुभकामनाएँ दीं और सबके उज्ज्वल भविष्य तथा सफलता की कामना करते हुए प्रार्थना की। यह कार्यक्रम छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास से भरने और उनकी झिझक को दूर करने में भी सहायक रहा।

# आंधी-तूफान में पोल्ट्री फार्म तबाह, किसान हेमंत कुमार को हुआ 7.5 लाख का नुकसान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तेज आंधी-तूफान ने बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत बरई फैला गांव निवासी हेमंत कुमार की मेहनत पर पानी फेर दिया। सोमवार देर शाम आए तूफान में उनका पोल्ट्री शेड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे 2500 मुर्गियों की मौके पर ही मौत हो गई। हेमंत कुमार ने बताया कि उन्होंने महिला समिति से ऋण लेकर लगभग 3000 वर्ग फीट क्षेत्र में मुर्गी पालन केंद्र स्थापित किया था, जो सुचारू रूप से चल रहा था। लेकिन 28 अप्रैल को आए तूफान ने शेड को पूरी तरह गिरा दिया और मुर्गियों की जान चली गई। मुर्गियों का औसत वजन लगभग 1.3 किलोग्राम था। अनुमानित तौर पर उन्हें लगभग 7.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हेमंत कुमार ने अंचल अधिकारी, कसमार को आवेदन देकर आपदा राहत कोष से मुआवजा प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यही उनका एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन था, जिससे पूरे परिवार का पालन-पोषण होता था। वर्तमान में उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे फिर से अपनी आजीविका शुरू कर सकें।

# बाघमारा कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने आज धनबाद सर्किट हाउस में बाघमारा कॉलेज शासी निकाय के सदस्यों के साथ बैठक की. बैठक में कॉलेज में कर्मियों की कमी, पठन-पाठन की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं में सुधार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. कॉलेज के प्राचार्य ने सांसद के समक्ष अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति, आधारभूत संरचना का विकास और संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया।इस पर सांसद ने कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का आश्वासन दिया. इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिये।चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं. इसमें कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने, अनुदान राशि के सही वितरण, डीएमएफटी फंड से 8 नए कमरे निर्माण का निर्णय शामिल है।



साथ ही बीसीसीएल द्वारा कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण की बात कही गई. उन्होंने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।पत्रकारों से बातचीत में सांसद ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की. कहा कि यह हमला देश के लिए बड़ा झटका है और इससे पूरा देश मर्माहत है। केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाकर आतंकियों और उनके मददगारों को कड़ी सजा देनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी आतंकवाद को समर्थन न दे सके. साथ ही उन्होंने देश में घुसपैठ पर भी पूरी तरह से रोक लगाने पर भी बल दिया।

# झारखंड राज्य कबड्डी चैंपियनशिप का दूसरा दिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में खूंटी जिला कबड्डी संघ के सहयोग से तीन दिवसीय 10वीं झारखंड राज्य बालक - बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग में धनबाद गुमला रांची और गिरिडीह की टीम सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया।
बिरसा कॉलेज खूंटी मैदान में खेले गए बालिका वर्ग के मैच में मैच में गुमला सेंटर ने बोकारो एक को 27-10, गुमला ए ने लोहरदगा को 25-7, बोकारो ने पूर्वी सिंहभूम 32- 22, रांची ने लातेहार को 23-6, गुमला सेंटर ने सिमडेगा को 29 14, सिमडेगा ए ने बोकारो को 22-17, धनबाद में लोहरदगा को 24-9, गिरिडीह ने बोकारो बी को 24-9 से पराजित कर पूरे अंक जीत किया वहीं बालक वर्ग में पूर्वी सिंहभूम ने गिरिडीह को 33-18, रांची ने धनबाद को 20-16, पश्चिमी सिंहभूम ए बोकारो भी को 20-13, गढ़वा ने पलामू ए को 27-



20, बोकारो ने पूर्वी सिंहभूम 45-34 अंकों से पराजित किया। तीसरे दिन प्रतियोगिता का फाइनल मैच पूर्वाहन 8:00 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 21 जिलों के 39 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, खूंटी जिला के अध्यक्ष गुलाब महतो, सचिन शिवकुमार महतो, सुमित महतो, अजय महतो, सुनील कच्छप,मनोज कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मैच का संचालक तकनीकी अधिकारी ज्योति कुमार, शिव कुमार, रोहित कुमार, रमेश कुमार , तिलक राम साहू, मिंटू ठाकुर, अशफाक मुन्ना, मनोज कुमार, लक्ष्मी कुमारी सुमन कुमारी, नीतू नाग सहित 30 से ऊपर तकनीक अधिकारी मैच का संचालन कर रहे हैं।

# उत्पाद विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान, गुप्त सूचना पर की कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय पेटरवार थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पेटरवार थाना क्षेत्र के गागी बाजार मठ टोला में सदमु प्रसाद एवं सूरज कुमार प्रसाद के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया। टीम ने 293 पीस 69.12 लीटर करीब 08 पेटी विदेशी शराब, 141 पीस 75.75 लीटर करीब 10 पेटी बीयर एवं झारखंड सरकार का नकली स्टीकर बरामद किया है। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं पेटरवार थाना प्रभारी श्री राजू मुंडा आदि उपस्थित थे।

# चार सदस्यीय केंद्रीय टीम ने मास्टर प्लान को लेकर उपायुक्त के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में भारत सरकार से आई चार सदस्यीय केंद्रीय टीम ने उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के साथ झरिया मास्टर पालन की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया। इस बैठक में भारत सरकार से डायरेक्टर एमओआरडी श्रीमती राजेश्वरी एसएम, डायरेक्टर एमएसएमई मिलिंद रामटेके, डायरेक्टर एमएसडीई श्री वी.एस. अरविंद, डायरेक्टर टेक्निकल एमओसी श्री बी. के. ठाकुर उपस्थित रहें।बैठक के दौरान जेआरडीए की ओर से पीपीटी के माध्यम से झरिया मास्टर प्लान की अद्यतन स्थिति, एलटीएच एवं नॉन



एलटीएच के अलॉटमेंट एवं शिफ्टिंग की स्थिति, फेजवार शिफ्टिंग की प्रगति, निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, 2004 एवं 2019 की सर्वे की जानकारी, रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान की जानकारी दी गई। साथ ही बेलगड़िया टाउनशिप अंतर्गत बिजली, पानी, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, स्कूल, कॉलेज, कार्यरत एसएचजी महिला ग्रुप, आंगनबाड़ी सेंटर, लाइवलीहुड, स्किल डेवलपमेंट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, परिवहन सुविधा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हो रहे कार्यों से संबंधित जानकारी टीम को उपलब्ध कराई गई।भारत सरकार से आई टीम में बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे विस्थापितों के कौशल विकास एवं आजीविका को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार हेतु कौशल विकास की चल रही योजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता है। कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर टाउनशिप में रह रहे ज्यादा से ज्यादा लोग को आच्छादित करें। खास करके महिला वर्ग को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करें। आवश्यकता पड़ने पर और भी कौशल विकास केंद्र को खोले एवं अलग-अलग दो-तीन शिफ्ट में ट्रेनिंग देकर ज्यादा से ज्यादा लोग को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि टाउनशिप में रह रहे विस्थापित को मूलभूत सुविधाओं समेत सड़क, परिवहन, सीवरेज ट्रीटमेंट, बेहतर बिजली व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, जलापूर्ति योजना, समाज कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित कर विस्थापित हो के हित में कार्य करें। सभी विस्थापित महिलाओं को जेएसएलपीएस के समूह से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में उन्हें प्रेरित करें। साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कर स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मुहैया करने हेतु कार्य करें।

## संक्षिप्त खबरें

### अब बदलेगा आरएसपी कॉलेज का चेहरा होंगे बड़े बदलाव




**धनबाद :** ज्ञात हो की सरकार के आदेश से वर्ष 2017 मे झरिया स्थित आर. एस. पी. कॉलेज को स्थानांतरित कर बेलगड़िया कॉलोनी मे अवस्थित + 2 हाई स्कूल के लिए निर्मित भवन मे कर दिया गया था। तब से आज तक पिछले आठ वर्षों महाविद्यालय का सम्पूर्ण प्रशासनिक एवं शैक्षिक कार्य यहीं से संचालित हो रहें हैं। बीते कुछ वर्षों मे भवन की स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। वर्तमान प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह ने इसकी को गंभीरता देखते हुए महाविद्यालय परिसर के जीर्णोद्वार हेतु लगातार प्रयास कर रहें, इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। इनके सचेष्ट प्रयास से पिछले वर्ष उपायुक्त, धनबाद सह प्रबंध निदेशक जेआरडीए, धनबाद की अध्यक्षता मे हुए बैठक मे महाविद्यालय मे मरम्मती की स्वीकृति प्रदान की गई थी। अब उम्मीद है कि जल्दी ही महाविद्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू होगा। इससे यहाँ पढ़ने वाले हजारो विद्यार्थियों पूर्ण व्यवस्थित कैंपस मे न सिर्फ बुनियादी सुविधाएं प्राप्त होगी बल्कि शिक्षण -अधिगम के बेहतर वातावरण भी निर्मित करने मे मदत मिलेगा। प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन महाविद्यालय के जीर्णोद्धार को लेकर मिले आश्वासन को सकारात्मक तरीके से देख रहें हैं , इसे तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है। इसको लेकर हम लगातार प्रयासरत हैं।

### लक्ष्मी नारायण यज्ञ परिक्रमा में श्रद्धालुओं की लग रही अपार भीड़



**धनबाद :** श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन रंगरीटाड के तोपचांची में किया गया है। आज यज्ञ का तीसरा दिन है। यह यज्ञ स्थल का परिक्रमा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में तोपचांची,गोमो रोड,रंगरीटांड बुचाकुली, ठाकुर टोला, महतो टोला,बांवरी टोला, केवटटोला, नरकोपी, दुमदुमी, करमाटांड, दादुभगाठं, आदि गांव के लोग भारी संख्या में महिला व पुरुष पहुंच रहे हैं। इस दौरान यज्ञ समिति के द्वारा श्री कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद का वितरणी भी किया जा रहा है। यह यज्ञ 7 दिनों तक चलेगा बच्चों,महिलाओं में काफी उत्साह है। उनके लिए झूले खाने पीने के स्टॉल तथा प्रसाद के दुकान भी यज्ञ समिति के सहयोग से लगाई गई है। वहीं संध्या 7 बजे से भागवतकथा स्वामी हंसानंद गिरी महाराज के द्वारा प्रवचन सुनाई जा रही है। इस मौके पर समाजसेवी सदानंद महतो ने कहा कि ग्रामीण महिला, पुरुष को अध्यात्म सेबबैब जुड़ने की जरूरत है। समाज का विकास अच्छे विचारों से किया जा सकता है। इस कार्यक्रम को सफल करने में पूर्व मुखिया कृष्णा मेहता,वैजयंती देवी, जितेंद्र महतो,राहुल महतो,जमुना प्रसाद महतो ,सरोज महतो दिनेश महतो,विनोद प्रमाणिक,सुदीप कुमार आदि कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन ने जरूरतमंद महिलाओं को किया छाता वितरण



**धनबाद :** मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए जरूरतमंदों को छाता का वितरण किया। क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंदों, कामकाजी महिलाओं को धूप से राहत देने के लिए छाता वितरण का निर्णय लिया गया है जो बारिश तक जारी रहेगा। क्लब का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद महिलाओं की मदद करना है बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। छाता वितरण में क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लीना झा,कोषाध्यक्ष रेनू कौशल थी।

### बोकारो का सिटी पार्क चर्चा में, 'भूतनी' की अफवाह से फैला दहशत



**बोकारो :** सिटी पार्क में एक रहस्यमयी घटना के बाद से दहशत का माहौल बन गया है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे वीडियो और फोटो के मुताबिक, चार युवक बर्थडे पार्टी मना रहे थे, तभी उन्हें कथित 'भूतनी' ने डराया और पिटाई भी कर दी। घटना की खबर इतनी तेजी से फैली कि पूरे शहर में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि यह किसी ने जानबूझकर डर फैलाने के लिए किया है। उनका कहना है कि यह सिर्फ अफवाह है और उन्होंने कभी ऐसी कोई अजीब चीज नहीं देखी। कुछ लोगों का कहना है कि पुराने पेड़ों में अक्सर 'ऊपर की शक्तियां' वास करती हैं, इसलिए घटना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। हालांकि, अभी तक कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, जिससे यह साफ हो कि सिटी पार्क में सचमुच कोई रहस्यमयी घटना घटी थी या नहीं। फिलहाल अधिकतर लोगों का मानना है कि यह एक अफवाह है, लेकिन इसने बोकारो में डर और रोमांच का माहौल जरूर बना दिया है। पुलिस और प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिससे लोगों में और भी उत्सुकता बढ़ गई है।

## सृजन मंथन कार्यक्रम में कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर

**लातेहार :** लातेहार के स्थानीय परिषदन भवन में कांग्रेस ने जिला संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद व जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर धीरज साहू ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कांग्रेस के कार्यकाल में देश आधुनिक भारत की दिशा ओर अग्रसर हुआ था। पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने देश को एक नयी दिशा देने का काम किया।

# हिंडल्को मूरी वर्क्स यूनिट में 'पोषित बचपन' डॉक्युमेंट्री लांच किया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मुरी :** मंगलवार के दिन हिंडल्को मुरी वर्क्स यूनिट के ज्ञान ग्लोर वेन्यू में एक महत्वपूर्ण बहुप्रतीक्षित डॉक्युमेंट्री 'पोषित बचपन' का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। यह डॉक्युमेंट्री सिल्ली प्रखंड में कुपोषण से निपटने के लिए चलाए गए सामुदायिक पोषण अभियान की प्रेरणादायक यात्रा और इसके सकारात्मक प्रभावों को दशार्ती है।यह पहल हिंडल्को मूरी वर्क्स की सी एस आर टीम और राजकुमारी फाउंडेशन की संयुक्त भागीदारी से संचालित की जा रही है। अब तक इस अभियान के तहत 800 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 154 कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण शिविर, चिकित्सा सहायता और पोषण किट उपलब्ध कराई गई। इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम चार पंचायतों झ बिसरिया, पश्चिमी मूरी, बंसारुली और कोच्चो में स्पष्ट रूप से देखा गया, जहाँ 78% बच्चों में वजन में सुधार दर्ज किया गया।यह पहल बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करता है, बल्कि समुदाय में जागरूकता, भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन को भी बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंडल्को मुरी वर्क्स के एच आर हेड अरुण राय यूनिट हेड संदीप पाटिल, डॉ. सौरव घोष, सहायक जनरल मैनेजर आईआर कुमार अविनाश प्रताप सिंह सौमेंदु हाजरा, भरत सिंह, प्रभात तिवारी, नितीश सिंह, अभिजीत सेन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्याम गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, शेखर, केनेथ डिवाज, नवनीत श्रीवास्तव, प्रसंता बोस, राजकुमारी फाउंडेशन से परियोजना प्रमुख सुप्रिया सिंह, डाइटीशियन मौसम कुमारी, तथा टीम सदस्य सनी प्रसाद और गोवर्धन महतो ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। 'पोषित बचपन' डॉक्युमेंट्री न केवल एक फिल्म है, बल्कि यह एक आशा की किरण है जो यह दिखाती है कि सामूहिक प्रयासों से कैसे समाज के सबसे नाजुक वर्ग के बच्चों के जीवन में स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

# डाक बांगला में कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** प्रखण्ड के डाक बांगला में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड संयोजक एतवा उरांव ने किया वही संचालन राजेन्द्र मुण्डा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो रहें। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन वर्ष-2025 के तहत संगठन सशक्तिकरण एवं 6 मई को होने वाले विशाल संविधान बचाओ रैली के सफल कार्यक्रम हेतू तैयारी बैठक किया गया। कार्यक्रम के दौरान राकेश किरण महतो ने कहा कि संविधान को मजबूत प्रदान करने वाली स्वतन्त्र संस्थाएं ED, IT, CBI एवं चुनाव आयोग इत्यादि संस्थाओं की स्वतन्त्रता छीनकर दुरुपयोग किया जा रहा है। नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में आदरणीय राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को फंसाना इसका ताजा उदाहरण है। अब तो सारी सीमाओं को लांघकर न्यायपालिका को भी डराया धमकाया जा रहा है। ये सारे घटनाक्रम इंगित करता है कि भाजपा नीत की सरकार सुनियोजित तरीके से संविधान को दर किनार कर देश में तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है। अध्यक्ष ने आग्रह किया कि 6 मई को होने संविधान बचाओं रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष आग्रह किया है। मौके पर अनगड़ा प्रखण्ड पर्यवेक्षक मनोज लकड़ा विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा महिला अध्यक्ष सरिता देवी सहित फारूक खान राजेन्द्र मुण्डा साकीर अंसारी छोटेलाल महतो शिवदास गोस्वामी अजय उरांव विश्राम महतो रेजक अंसारी मिन्हाज आलम सचिन नायक सफिक अंसारी अजगूत करमाली अजय करमाली यूनूस अंसारी संजय नायक समीम खान रोहित नायक गणेश भोगता सिद्धिक अंसारी प्रदिप शाहू आलम अंसारी किशोर करमाली शाहनाज खातुन सुनीता देवी अनिता देवी फूलो देवी मुन्ना मुण्डा जोन तिग्गा भरत उरांव मुनेश करमाली बाली महली कृष्णा महली नायूम अंसारी दूतीलाल बेदिया इरफान अंसारी योगेन्द्र बेदिया अभिराम मुण्डा विशाल स्वांसी अब्बास अंसारी बलराम पहान दशवा उरांव खीरू उरांव मुमताज खान उज्जियस टोप्पो बिपता बेदिया गौतम कुलेश्वर मुण्डा जी की गरिमामय उपस्थिति रही।

## एक भी बच्चा स्कूल में नामांकन से छूटने नहीं पाए : बीडीओ

**पलामू :** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को स्कूल रुआर- 2025 की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने संबंधित अधिकारियों व स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि एक भी बच्चा नामांकन से छूटना नहीं चाहिए। साथ ही नामांकित बच्चों का स्कूल में ठहराव सुनिश्चित करें। संकुल साधन सेवी अश्विनी सिंह ने स्वागत भाषण दिया। शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह ने रुआर-2025 कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दी। प्रखंड साधन सेवी नीरज कुमार चौबे ने बताया कि रूआर कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 10 मई तक चलाया जाएगा। इस दौरान सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी बच्चे विद्यालय में नामांकित हों, साथ ही बच्चों का ठहराव हो।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में टीसीएस बीपीएस पूल कैंपस ड्राइव का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में टीसीएस बीपीएस पूल कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। वर्ष 2023, 2024 और 2025 बैच के स्नातकों के लिए आयोजित किए गए इस ड्राइव में बीकॉम, बीए, बीबीए और बीएससी के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इस भर्ती प्रक्रिया में सरला बिरला विश्वविद्यालय के अलावा कई अन्य संस्थानों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कैंपस ड्राइव में सफलता के उपरांत विद्यार्थियों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज डिवीजन में जॉब करने का अवसर प्राप्त होगा। एसबीयू में अब तक कई बड़ी कंपनियों का कैंपस ड्राइव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है। इस कैंपस ड्राइव के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने शुभकामनाएं दी।

# बाइक बिजली के खंभे से टकराई, एक की मौत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड से एक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। मंगलवार सुबह रतोही गांव के पास हुए सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के बीजका गांव निवासी राजकुमार सिंह (20) के रूप में हुई है। घायलों में इसी गांव के मुनेश्वर सिंह और एक युवती ललिता कुमारी शामिल हैं। दोनों का इलाज रमकंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर बीजका गांव से रमकंडा की ओर जा रहे थे। रतोही गांव के पास एक अन्य वाहन को साइड देने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक राजकुमार सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। घायल युवती ने बताया कि बाइक के संतुलन खोते ही हादसा अचानक हो गया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के कड़े उपाय करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों से बचा जा सके।

## हाइवा की चपेट में आकर दोनों युवकों की मौत

**पटमदा :** मंगलवार को कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओड़िया पंचायत मंडप के समीप हुई सड़क दुर्घटना में हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो युवकों की मौत की सूचना है। दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई दुर्घटना में कांकू निवासी संदीप सिंह (30 वर्ष) की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी जबकि उसका रिश्तेदार (ममेरे भाई) राजेश सिंह (22 वर्ष) बंगाल के हेंसला निवासी की मौत बांकुड़ा अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश टूट पड़ा।सड़क को जाम कर दिया।वही प्रशासन से भी नोंक झोंक हुई। पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिलाने का बात ग्रामीणों की मांग है।ग्रामीणों के अनुसार संदीप सिंह भी हेंसला गांव में ही रहता था और दोनों ही मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चलाते थे। दूसरी ओर शाम 7 बजे तक घटनास्थल सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष जमे हुए थे और हाइवा के मालिक (बांकुड़ा निवासी) के आने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि जब दिन में हाइवा का परिचालन बंद रखने का नियम बनाया गया है।

# लातेहार के गांव में गैस का सिलेंडर फटा, घर और दुकान हुआ ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल गांव के निकट सड़क के किनारे स्थित एक घर में मंगलवार को गैस का सिलेंडर फट गया। इस घटना में घर और दुकान ध्वस्त हो गया। वही एक युवक चंदन कुमार भी बुरी तरह झुलस गया। उसे मनिका में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के चंदन कुमार का घर और दुकान एक ही स्थान पर है. मंगलवार को चंदन गैस में खाना बना रहा था। गैस चालू कर वह बाहर दुकान में आ गया। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते हैं देखते आग पूरे घर में फैल गयी। आग बुझाने के चक्कर में चंदन कुमार भी बुरी तरह झुलस गया। हालांकि वह घर से बाहर भाग कर किसी प्रकार अपनी जान बचाई । इसी दौरान गैस का सिलेंडर फट गया। जिससे घर और दुकान दोनों ध्वस्त हो गया। सिलेंडर फटने से आग की लफ्ट काफी तेज हो गई जिसकी चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल भी जल गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने अपने प्रयास से आग पर काबू पाने का प्रयास किया और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को भी मामले की जानकारी दी गई परंतु जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंचती ,तब तक घर और दुकान दोनों जलकर राख हो गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है, संस्कार को दे प्राथमिकता : अंचलाधिकारी



**पटमदा :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं समग्र शिक्षा के तहत 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चो का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय,प्राथमिक विद्यालय में मध्य विद्यालय,मध्य विद्यालय में उच्च विद्यालय,उच्च से उच्च माध्यमिक में आयु अनुरूप अनामांकित एवं क्षितिज बच्चों का नामांकन ₹ स्कूल रुआररचलाया जा रहा हैं। यह अभियान राज्य भर में विभिन्न स्तर पर जारी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के निदेर्शानुसार पटमदा बीआरसी में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। संबोधित करते हुए बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने कहा कि शिक्षा सभी का अधिकार हैं। शिक्षा ही सफलता की पूंजी है। पार्षद खगेन चंद्र महतो ने कहा ड्रॉप आउट को रोकने के साथ साथ बाल विवाह पर भी रोक लगाने का प्रयास करें। बच्चों को शिक्षित करने को लेकर अभिभावक जागरूक हो। अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि विद्यालय में माहौल बेहतर बनाने की जरूरत है। शिक्षा के चार स्तंभ छात्र शिक्षक,अभिभावक,सरकार की नीतियां सभी जरूरी हैं। घर से ही शिक्षा की राह शुरू होती हैं। शिक्षकों को शिक्षा के कार्य में ही रखा जाए। समय का उपयोग कर बच्चो को सही शिक्षा दे।खेल संगीत सहित कई क्रियाकलाप करें। दोस्त,किताब,रास्ते बेहतर हो तो राह सामने दिखता है। हैप्पी पिच क्लब एक पर्यावरण पुस्तक विमोचन के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री से सम्मानित माचा कन्या प्रोजेक्ट विद्यालय की शिक्षिका डॉ प्रियंका झा को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, बी ई ई ओ प्रभाकर कुमार पार्षद खगेन चंद्र महतो, पार्षद प्रदीप बेसरा,प्रमुख बालिका सोरेन,उप प्रमुख श्रीदेवी माझी,मुखिया कृष्ण पद सिंह,मुखिया सावित्री सिंह सरदार,बीआरपी अबनी महंती,सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### दो दिवसीय खेल कूद का हुआ समापन



**सरिया (गिरिडीह) :** मंगलवार को दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन सरिया कॉलेज में मंगलवार को हो गया अंतिम दिन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर अभिषेक बरनवाल जबकि द्वितीय स्थान पर तनु श्री कुमारी रही वहीं सोमवार को खेले गए कैरम प्रतियोगिता में प्रथम रानी कुमारी, द्वितीय मुस्कान परवीन तथा तृतीय स्थान पर रानी कुमारी रही। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। खेल के सफल आयोजन में खेलकूद प्रभारी प्रो अरुण कुमार प्रो अलका रानी जोजो, प्रो चायरा निशा अंईद आदि का अहम योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में मनोरमा कुमारी, प्रीति कुमारी, सबीना परवीन, रानी कुमारी,सकीना समेत काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### कायो आशिकान कराटे डो नीमडीह ने दो स्वर्ण समेत जीता नौ मेडल



**ईचागढ़ :** कायो आशिकान कराटे डो नीमडीह एवं चांडिल के प्रतिभागियों ने स्टेट कराटे चैम्पीयनशिप प्रतियोगिता में दो स्वर्ण समेत नौ मेडल जीतकर जलवा दिखाया। जिसमें लॉकी गोराई व शम्भू प्रमाणिक गोल्ड मेडल, सुमन प्रमाणिक सिल्वर मेडल, विवान महतो, प्रदीप महतो, नेहा सिंह, गौतम पाल, सुमन प्रमाणिक व मंगल सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन ऑफ पूर्वी सिंहभूम द्वारा जमशेदपुर के रामदास भट्ठा कमन्युटी हॉल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। एसोसिएशन के चीफ इंस्ट्रक्टर एंड टेक्निकल डायरेक्टर राजन कुमार सोनकर 6 डॉन ब्लैक बेल्ट, प्रेसिडेंट स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन पूर्वी सिंहभूम सुकेश अग्रवाल, कायो आशिकान कराटे डो नीमडीह एवं चांडिल के सेंसाई पशुपति महतो सैकेंड डॉन ब्लैक बेल्ट व सेंसाई बलदेव सिंह सैकेंड डॉन ब्लैक बेल्ट के उपस्थिति में प्रतिभागियों ने अपना प्रतिभा दिखाया। प्रशिक्षक पशुपति महतो ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ मानव के मन में दानव की सोच होता है और बेटी बहनों के साथ गलत हरकत करने का प्रयास करता है। इसलिए विशेष रूप से बेटियों को आत्मारक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण लेना अति आवश्यक है।

# उषा मार्टिन में आयुर्वेद चिकित्सा का मेगा कैंप का हुआ आयोजन

- 120 मरीजों को इलाज, नि:शुल्क दवा वितरित
- आयुर्वेद के माध्यम से भारतीय चिकित्सा को बढ़ावा : डॉ ऋषि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों को रोका जा सकता है और स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उक्त बातें आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ ऋषि ने कहीं। वह आज ऊषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वाधान में कारखाना परिसर में आयुर्वेदिक मेगा चिकित्सा शिविर जांच शिविर में कर्मचारियों को बोल रहे थे। कारखाना परिसर में आयोजित शिविर मेंगा 120 मरीजों का इलाज कर नि:शुल्क दवा वितरित किया गया। इस शिविर का आयोजन साईं बालाजी धन्वंतरी आयुर्वेदिक अस्पताल एवं शालिनी अस्पताल के सौजन्य से किया गया था। इस अवसर पर डॉ ऋषि ने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दिया जा रहा है। लोगों में जागरूकता एवं जीवन शैली में बदलाव के माध्यम से निरोग रहने का जो प्रयास किया जा रहा है। उसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। इस अवसर पर एचआर एंड आईआर हेड एन0एन0 झा ने कहा कि रोग के निदान का आयुर्वेद एक वैकल्पिक चिकित्सा का माध्यम है। इसके द्वारा शरीर को प्राकृतिक तरीकें से ठीक करने में मदद मिलती है। उषा मार्टिन के माध्यम से सीएसआर के तहत ऐलोपैथिक, होमियोपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का शिविर लगाया जाता है। इन शिविर का मुख्य लक्ष्य लोगों को निरोग और बीमारियों के प्रति सजग बनाना है। शालिनी अस्पताल के प्रबन्धक राणा विकास ने बताया की ये कार्यकर्म उषा मार्टिन फाउंडेशन के सौजन्य से चलाया जा रहा है। शालिनी अस्पताल द्वारा टाटी सिलवे, अनगड़ा नामकुम क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर में एनीमिया मुक्त अभियान एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं। शालिनी अस्पताल की ओर से आयोजित ये कार्यक्रम ऊषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से आगे भी अन्य गांवों में जारी रहेगा, आयुर्वेदिक, एलोपैथिक के अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से साईं बालाजी धन्वंतरी आयुर्वेदिक अस्पताल के कर्मचारियों के अलावा उषा मार्टिन फाउंडेशन के मोनित भुटकुमार, भुनेश्वर महतो, मेवालाल महतो, वरूण कुमार शालिनी अस्पताल से शिशिर भगत, दिलीप मुंडा,सीताराम साहू संपूणानंद मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० — 03/2025-25
(ITDA Head)

1. विभाग का नाम :— पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :— 08.05.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :— 09.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :— 09.05.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व० अवर प्रमण्डल सं०—1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :— (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिशुनपुर प्रखण्ड अंतर्गत निरासी पंचायत के ग्राम जनटी एवं बनारी पंचायत के ग्राम हेलटा में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,47,714.00 | 9,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 2 | बिशुनपुर प्रखण्ड अंतर्गत अमटीपानी पंचायत के ग्राम अमटीपानी जमुवापानी एवं ओरेया में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,47,714.00 | 9,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 3 | घाघरा प्रखण्ड अंतर्गत बिरगांव पंचायत के ग्राम सनईटांगर एवं डुमरी प्रखण्ड अंतर्गत करनी पंचायत के ग्राम कन्दरपाठ टोपीटोली में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,47,714.00 | 9,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 4 | डुमरी प्रखण्ड अंतर्गत करनी पंचायत के ग्राम करनी मरवईपाट एवं ग्राम बिरगांव पाकरटोली में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,47,714.00 | 9,000.00 | 750.00 | 01 Month |

निविदा की नियम एवं शर्तें :— कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 351353 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

# जीवन को समृद्ध और सार्थक बनाने का पर्व है अक्षय तृतीया

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि जिसे अक्षय तृतीया या आखा तीज कहा जाता है, भारतीय संस्कृति और हिन्दू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है। यह अक्षय तृतीया का नाम 'अक्षय' शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जो कभी नष्ट न हो' या 'शाश्वत'। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक कृत्यों को अक्षय फलदायी माना जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परम्पराओं में भी इसका विशेष स्थान है। भारत की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं में अक्षय तृतीया का बहुत महत्व है।

हिन्दू धर्म में अक्षय तृतीया का दिन कई पौराणिक और धार्मिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस दिन को सतयुग और त्रेतायुग के प्रारंभ का दिन भी माना जाता है। इसके अतिरिक्त, इस तिथि से जुड़े कई कथानक और मान्यताएँ इसे और भी पवित्र बनाती हैं। अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम जी के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। परशुराम, जो अपने पराक्रम और धर्म की रक्षा के लिए जाने जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु के नर-नारायण अवतार की तपस्या भी अक्षय तृतीया के दिन से जुड़ी है। इस दिन बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलते हैं, जो हिन्दुओं के चार धामों में से एक है। यह घटना इस पर्व को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

ऐसा माना जाता है कि महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना अक्षय तृतीया के दिन से शुरू की थी। इसके साथ ही, इस दिन गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण भी हुआ था। इसलिए, इस दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व है। एक अन्य कथा के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा का आतिथ्य स्वीकार किया था। सुदामा ने श्रीकृष्ण को साधारण चावल (अक्षत) भेंट किए, जिसे भगवान ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया और सुदामा को अपार धन-समृद्धि प्रदान की। इस कथा के कारण, अक्षय तृतीया को दान और आतिथ्य का विशेष महत्व दिया जाता है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया का दिन प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष तक कठोर तपस्या की और इस दिन हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस ने उन्हें इक्षु रस (गन्ने का रस) पिलाकर उनका पारणा (उपवास खोलना) कराया। यह घटना जैन समुदाय में 'वर्षी तप' के रूप में जानी जाती है। इस दिन जैन तीर्थ पालिताणा (गुजरात) और हस्तिनापुर (मेरठ) में विशेष आयोजन होते है। जैन धर्म के अनुयायी उपवास, दान, और पूजा करते हैं। कई जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाते हैं और भक्त इक्षु रस का दान करते हैं।

अक्षय तृतीया का दिन शुभ कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, नए व्यवसाय की शुरूआत, और अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन शुरू किए गए कार्यों का फल स्थायी और शुभ होता है। भारत के कई हिस्सों में, विशेषकर राजस्थान, गुजरात, और उत्तर प्रदेश में, अक्षय तृतीया को विवाह के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस दिन हजारों जोड़े विवाह बंधन में बंधते हैं। सामाजिक स्तर पर, यह दिन परिवारों और समुदायों को एकजुट करने का अवसर प्रदान करता है।

व्यापारी वर्ग के लिए अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इस दिन नए व्यवसाय की शुरूआत, दुकान का उद्घाटन, और निवेश जैसे कार्य किए जाते हैं। सोने और चाँदी की खरीदारी भी इस दिन बहुत लोकप्रिय है, क्योंकि यह धन-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अक्षय तृतीया को दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन जल, अन्न, वस्त्र, और धन का दान करने की परम्परा है। सामाजिक दृष्टिकोण से, यह दिन समाज में समानता और सहायता की भावना को बढ़ावा देता है। गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएँ दान की जाती हैं।

# वक्फ बाय यूजर और शत्रु संपत्ति : मालिकाना हक सरकार का है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस्लामवादियों ने देश के उच्चतम न्यायालय को 70 याचिकाओं के माध्यम से बताना चाहा है कि केंद्र की मोदी सरकार जो वक्फ कानून में संशोधन लेकर आई है वह गैर संवैधानिक है। इसमें 'वक्फ बाय यूजर' पर होने वाली जिरह बहुत महत्व रखती है। न्यायालय का केंद्र सरकार से तर्क है कि 'वक्फ बाय यूजर' के जरिए तो हजारों साल से चली आ रही इस्लामिक संपत्तियों का दर्जा खत्म हो सकता है, जिसके बाद सरकार ने विस्तार से इसका जवाब देने के लिए कोर्ट से एक सप्ताह का समय मांगा।

देखा जाए तो न्यायालय में चल रही 'वक्फ बाय यूजर' की बहस ने आज भारत में शत्रु संपत्तियों की भी याद दिला दी है। वर्तमान में जो दो समानताएं 'वक्फ बाय यूजर' और शत्रु संपत्ति में दिखाई देती हैं, एक- यह कि अधिकांश सभी संपत्तियां विशुद्ध रूप से सरकारी हैं और जिन संपत्तियों को निजी बताया जा रहा है, उनमें अधिकांश के पास उसके कोई भी वैध दस्?तावेज नहीं है। ऐसे में यदि किसी का हक इन पर हो सकता है तो वह सरकार है। हालांकि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ जो इस मामले की सुनवाई कर रही है कि इस मामले को लेकर कुछ चिंताएं हैं, जिनसे उन्होंने केंद्र सरकार को अवगत कराया है। सरकार ने बताया है कि प्रबंधन और धार्मिक मामले अलग-अलग हैं। संपत्ति के प्रबंधन और धार्मिक मामलों से जुड़े मामलों के बीच फर्क करना होगा। संपत्ति का प्रबंधन ऐसा काम है जिसका धर्म या संप्रदाय से कोई ताल्लुक नहीं है। बोर्ड और वक्फ परिषद यह काम कर रहे हैं।

अब कोई कह सकता है कि वक्फ बोर्ड भी तो मुसलमानों का मजहबी मामले में स्थापित एक निकाय है। हिन्दुओं या अन्य किसी गैर मुसलमान के धार्मिक ट्रस्ट की तरह। पर देखा जाए तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। वक्फ की अवधारणा के अनुसार वक्फ की गई संपत्ति का उपयोग सिर्फ परोपकार के काम में हो सकता है लेकिन आज व्यवहार में ज्यादातर वक्फ संपत्तियों का उपयोग व्यवसायिक होना पाया गया है। जिसके चलते यह बात स्पष्ट होती है कि वक्फ बोर्ड आज इस्लाम के नाम पर संपत्ति अर्जित करने का माध्यम है, जो जब चाहे तब किसी भी संपत्ति पर अपना दावा ठोक देता है। इसलिए यह वक्फ बोर्ड विवादों में आया, जिसके चलते केंद्र सरकार को इसमें संशोधन करने की आवश्यकता पड़ी।

कुल मिलाकर यह सिर्फ महजबी मामला नहीं क्योंकि वक्फ बोर्ड नियम के अनुसार ऐसा नहीं है कि आने वाले समय में वक्फ बोर्ड किसी संपत्ति पर अपना दावा करना छोड़ देगा। हां, अब इसमें इतना जरूर होगा कि यदि वह पूर्व की भांति किसी भी संपत्ति पर अपना दावा करता है तो उस संपत्ति को उसे नए नियमों के अनुसार कागजों पर स्थापित करना होगा। पाकिस्तान जाने वाले भारत छोड़ते वक्त जो संपत्तियां वक्फ कर गए, उन सभी संपत्तियों पर वर्तमान में वक्फ बोर्ड का अधिकार है। इसी तरह से ज्यादातर इस्लामिक बादशाहों की बनवाई इमारतों पर वक्फ अपना अधिकार जताता है, लेकिन ये दोनों ही प्रकार की संपत्तियां पूरी तरह से सरकारी हैं। क्योंकि बादशाहों के समय जो इमारतें देश में बनी, उनके शासन के हटते ही समय-समय पर अन्य तत्कालीन शासकों के अधीन वे रहती आई हैं। पुर्तगाली, डच, फ्रांसिसी, अंग्रेज आए, स्वतंत्र राजा-महाराजाओं की सत्ता भी रहीं, फिर उसके बाद शासन भारत सरकार का आया, नए सिरे से संविधानिक प्रावधान 1950 से लागू हुए। ऐसे में समय के साथ स्वभाविक तौर पर जमीन का मालिकाना हक बदलता रहा। आज यह सभी भूमि-भवन सरकार की मिल्कीयत हैं, पर वर्तमान में अनेकों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है और वह उनसे धन कमा रहा है। इनमें आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की 256 संरक्षित इमारतें भी शामिल हैं। इतना ही नहीं ईसाई एवं अन्य धर्म, संप्रदाय की भूमि एवं भवन पर भी इसने कई राज्यों में दावा कर रखा है। आज विवाद का कारण यही है, जैसा कि संसद में पेश हुई संयुक्त संसदीय कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया, वक्फ बोर्ड ने पूरे देश में 58,000 से ज्यादा संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है।

इतिहास से कैसे ये वक्फ बोर्ड खिलवाड़ कर रहा है, इसको आप दिल्ली की कुतुब मीनार क्षेत्र, सुंदरवाला महल, बाराखंभा, पुराना किला, लाल बंगला, कर्नाटक का बीदर किला, कलबुर्गी स्थित गुलबर्ग किले को अपना बताए जाने की मानसिकता से समझ सकते हैं। वहीं, इसने कई प्राचीन जामा मस्जिदें, सूफी-संतों की दरगाहें और गुंबदों पर भी दावा कर रखा है। रेलवे की 2704 वर्ग मीटर जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। जयपुर रेलवे स्टेशन की 45.9 वर्ग मीटर और जोधपुर रेलवे स्टेशन की 131.67 वर्ग मीटर जमीन को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया है। वर्तमान में वक्फ बोर्ड की जमीन 9.4 लाख एकड़ जमीन में फैली है। बड़ी बात यह है कि धर्म के आधार पर इस्?लामवादियों ने अपने लिए अलग देश लेकर भी भारत में अपने पास दुनिया की सबसे बड़ी वक्फ होल्डिंग रखी हुई है।

वस्तुतः ऐसे में यहां साफ समझ आता है कि गैर मुसलमान को वक्फ बोर्ड में सदस्य के रूप में रखने के पीछे सरकार की मंशा क्या रही होगी। संभवतः यही कि जिस तरह से अभी तक वक्फ बोर्ड मनमानी करते हुए किसी भी संपत्ति पर अपना दावा ठोकता रहा है और वक्फ कानून का हवाला देकर जिला कलेक्टर के माध्यम से इन संपत्तियों को कब्जाता रहा है, वह अब ऐसा नहीं कर पाए। क्योंकि यदि निगरानी के स्तर पर बोर्ड में गैर मुसलमान रहेंगे तो बातें बाहर निकल कर आसानी से आएंगी और मजहब के नाम पर मनमानी बंद होगी। वास्तव में उसे रोकने के लिए ही सरकार ने ये नई व्यवस्था का निर्माण किया होगा।

इस केस में एक चिंता न्यायालय की वक्फ बाय यूजर की भी देखने में आई है। देखा जाए तो इसका मतलब उस संपत्ति से होता है, जिसके कोई औपचारिक दस्तावेज नहीं है, लेकिन इन संपत्तियों का इस्तेमाल लंबे समय से मजहबी कार्यों के लिए किया जा रहा है। सरल शब्दों में कहें तो 'वक्फ बाय यूजर' का अर्थ है 'मौखिक घोषणाएँ'। भूमि के टुकड़े या संपत्तियाँ जिन्हें धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है, उन्हें वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित किया जा सकता है। इसके लिए किसी दस्तावेज, किसी विलेख या किसी कागजी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं। 'धारणा' वाला हिस्सा व्यक्तिपरक होने के साथ-साथ अपनी व्याख्या में भी अस्पष्ट था, जिससे भूमि विवादों को देशभर में बढ़ाने का काम किया है। क्योंकि इसमें कहीं भी भूमि कब्जाओ और उसे वक्फ बोर्ड की घोषित कर दो अथवा जहां मर्जी आए उस पर वक्फ बोर्ड से दावा ठोक दो!

वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के आंकड़ों को देखें तो देश में 4.02 लाख संपत्तियां वक्फ बाय यूजर के रूप में चिन्हित की गई हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से 'वक्फ बाय यूजर' संपत्तियों में कुल 37 लाख एकड़ में से 22 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन शामिल है। मतलब मौखिक घोषणाओं के आधार पर ही अब तक ज्यादातर बिना कागजात या डीड के ही इन संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड ने अपना अधिकार कर रखा है। अब नए कानून के तहत किसी संपत्ति को केवल इस आधार पर वक्फ का घोषित नहीं किया जा सकता है कि वहां पर लंबे समय से धर्म के काम हो रहे हैं। अब किसी भी तरह का नए वक्फ घोषित करने के लिए उससे जुड़े कानूनी कागज दिखाने जरूरी होंगे। एक तरह से देखें तो नए कानून के तहत 'वक्फ बाय यूजर' को खत्म कर दिया गया है। न्यायालय के सामने अब इस्लामवादियों की चिंता यह है कि लम्बे समय से मौखिक तौर पर उपयोग करते आ रहे इस भूमि-भवन के बारे में दस्तावेज कहां से लाए जा सकते हैं, तब इसका उत्तर सीधा है कि यदि राममंदिर, कृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ, ज्ञानवापी मामले में प्राचीनतम दस्तावेज मांगे जा सकते हैं, तब वक्फ बोर्ड को भी संपत्ति के दस्तावेज दिखाने होंगे अन्यथा वह सभी सरकार की संपत्ति होगी, जिसके कोई दस्तावेज नहीं।

दूसरी ओर अब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर जो जवाब प्रस्तुत किया है, उसमें भी न्यायालय को साफ बता दिया है कि सरकारी भूमि को जानबूझ कर या गलत तरीके से वक्फ संपत्ति के रूप में चिन्हित करना किसी धार्मिक समुदाय की भूमि नहीं माना जा सकता। फिलहाल नेहरू सरकार के 1954 के वक्फ अधिनियम, 1984 में संशोधनों के बाद भी इसमें व्याप्त अराजकता का होना और इसके बाद 1995 के अधिनियम के पश्चात 2013 में कांग्रेस सरकार ने इसके माध्यम से जिस तरह से मुस्लिम तुष्टीकरण की राह पकड़ी थी, वास्तव में इस सबसे मुक्ति दिलाता यह वक्फ संशोधन अधिनियम (2025), एक कानून के रूप में आज न्यायालय के पास पहुंचा है।

# अक्षय तृतीया : पौराणिक महत्व का त्योहार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखा तीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए यह दिन वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। ₹अक्षय₹ शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाएं उतने हमें हमारे लिए कम है। देश में समय-समय पर बहुत से त्योहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते हैं। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है।

अक्षय तृतीया को शादी का मुहुर्त माना जाता है क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है क्योंकि सतयुग की समाप्ति पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरूआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इसमें भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।इतना पवित्र पर्व होने के बाद भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मान कर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिग बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नहीं हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर जगह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही हैं। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## कश्मीर

आँखों ने देखा है अभी,
वो खौफनाक मंजर....
कश्मीर की 'खूबसूरत'(?)
वादियों में जो
आया था कहर बन कर ।
कभी न भूलने वाली, उस
आतंकी कहानी के
पन्ने अभी धुंधलाए भी नहीं हैं,
और ना ही पीले पड़े हैं।
केसर के चंपई रंग पर,
निर्दोष खून के लाल छींटे पड़े हैं ।
जिसने झेला है, उसने
दिल पर पत्थर रख कर
अपना हाल सुनाया है,
हैवानियत को गिनाया है।
"धरती के स्वर्ग" कश्मीर में
फूलों का रंग अभी तक
नहीं लौटा है ।
कितनों का सिंदूर मिटा है,
कितने घरों का
चिराग बुझ गया है।
बर्फ.की इक झील है
आँखों में जमी।
उठ रहे तूफान लेकिन,
बेअसर सी है नमी।
इस चोट को भूल कर ,
कैसे लिखूँ मैं खुशनुमा कुछ ?
मुझको है मालूम...
फूल फिर भी खेलेंगे
और शिकारे भी चलेंगे ।
पर अभी लगते हैं,
सारे दागदार, कैसे लिखूँ ?
मेरी कलम से लिपटा है,
अब तक, बैसरन की घाटियों में
हुआ था जो निर्मम अत्याचार।
है यही कामना, अब न हो
कश्मीर या कहीं
कोई भी संहार ।

**मंजुला शरण "मनु" राँची, झारखण्ड।**

## सूडोकु नवताल- 7416

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**



भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।

भगवान परशुराम को विष्णु का छठा 'अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।

एक किंवदंती में मध्य प्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्राचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यहीं जन्म दिया था। शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश में धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वहीं वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते हैं। कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी। वास्तव में भगवान परशुराम ऐसे देव हैं जिन्हें चिरंजीवी होने का गौरव प्राप्त है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**30 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.21 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मिथुन | 08.19 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.32 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.49 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.00 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.11 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.26 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.42 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.47 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.34 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.06 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.37 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 120 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 14.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 16.18 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 12.02 बजे को समाप्त।
**करण** गर 14.13 बजे तदनन्तर वणिज 00.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872330
**जूलियन दिन** 2460795.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 01
**विशेष** अक्षय तृतीया, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

**जयनगर:** थाना क्षेत्र के पांडू में 407 वहां की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्धि की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर करीब 1:00 बजे की बताई गई है। आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार 407 वाहन जेएच02ए जेड 6770 कोडरमा की ओर से जा जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल जे.एच12.जी 0142 पर सवार 60 वर्षीय प्रकाश पांडे ( तिलोकरी) थाना जयनगर 407 वहां की चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचे और वृद्ध व्यक्ति को अपने वाहन में बैठकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। वही घटनास्थल पर से पुलिस ने 407 वाहन और मोटरसाइकिल को जप्त कर थाना ले आई है।

### दानवीर भामाशाह जयंती समारोह संपन्न

**झुमरीतिलैया :** नगर समिति के तत्वावधान में भामाशाह साहू भवन, झुमरी तिलैया में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भीम साव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुजीत राज तथा विशिष्ट अतिथियों में बेदू साव और विजय साव, मनोज साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भीष्म प्रसाद गुप्ता ने भामाशाह जी के जीवन, उनके त्याग और समाजसेवा के कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. सुजीत राज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ₹आज के दौर में हमें भामाशाह के आदर्शों को अपनाकर समाज के उत्थान हेतु कार्य करना चाहिए।₹ जिला सचिव वीरेंद्र साव ने भी भामाशाह के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए इसे प्रेरणास्रोत बताया और सभी को इससे सीख लेने का संदेश दिया। पंचायती राज विभाग के राज्य प्रशिक्षक सुजीत नायक ने दानवीर भामाशाह के ऐतिहासिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने वर्तमान समय में समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया।

### एसबीआई में लगाया गया निःशुल्क स्वस्थ शिविर

**झुमरी तिलैया :** भारतीय स्टेट बैंक झुमरी तिलैया शाखा एवं आर्किड मेडिकल सेंटर, रांची के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया, इसमें 78 ग्राहकों, पेंशनर एवं कर्मचारियों की स्वस्थ जांच की गई इसमें रक्त, बीपी, ऑक्सीजन लेवल, पल्स रेट, वजन( वेइट) आदि की जांच की गई साथ ही रांची से आई डॉ. यामिनी सिंह ने लोगों को परामर्श भी दिया, स्वस्थ जांच शिविर का शुभारंभ 97 वर्षीय सेवा निवृत एवं बैंक के वरिष्ठ ग्राहक मेघु यादव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अमर कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में ग्राहकों के साथ साथ अन्य लोगों के लिए यह स्वस्थ शिविर मिल का पत्थर साबित हुआ है और आने वाले दिनों में बैंक के द्वारा शीतल पेय के लिए अस्थाई प्याऊ केंद्र पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाने जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे उन्होंने कहा कि ग्राहक एवं जनता धरोवर के रूप में होते है ऐसे में सेवा भावना सर्वोपरि है।

# विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्र की प्राथमिक सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने को लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडू, आंगनबाड़ी केंद्र पांडू एवं पीएचसी परसाबाद का गहन अवलोकन किया गया।इस निमित्त विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कक्षाओं की नियमितता, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, पुस्तक वितरण, शौचायलयों की स्थिति, एवं



साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिया गया एवं शिक्षण पद्धति की भी समीक्षा की। वही आंगनबाड़ी केदो में बच्चों को दिए जा रहे हैं सप्लीमेंट्री पोषण, स्वास्थ जांच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति, सामग्री का रखरखाव एवं पंजी संधारण की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। आगे स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी पंजी, दवाओं की उपलब्धता, दवा की समाप्ति तिथि, टीकाकरण कक्ष,परसों कक्ष एवं स्टाफ की उपस्थिति आदि उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। रोगियों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की भी मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। मौके पर आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय से संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# झारखंड सशस्त्र पुलिस-4 में विश्राम गृह और मिनी पार्क का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के झारखंड सशस्त्र पुलिस-4 के कैंपस में सेवानिवृत्त व दिवंगत पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के परिजनों के ठहराव हेतु निर्मित विश्राम गृह का सौंदर्याकरण कार्य पूरा होने के उपरांत आज 29 अप्रैल को इसका औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में विश्राम गृह से सटे एक नए मिनी पार्क का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश कुमार (भा.पु.से.), समादेष्टा, रा. औ.सु. बल सह झा.स. पु. 4, बोकारो ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कुमार ने अपने संबोधन में कहा यह विश्राम गृह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है और इसे विशेष रूप से उन सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों की सुविधा के लिए बनाया गया है, जिन्हें निजी




कार्यों के निष्पादन हेतु बोकारो आना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अब इनसे जुड़े परिवारजनों को शहर के महंगे होटलों में रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। यह विश्राम गृह मात्र 50 प्रतिदिन की नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध रहेगा। यह शुल्क विश्राम गृह के रखरखाव एवं स्वच्छता हेतु गठित कमेटी की सिफारिशों के अनुसार तय किया गया है। इस पहल के अंतर्गत एक सुंदर और हरा-भरा मिनी पार्क भी तैयार किया गया है, जो न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा, बल्कि पुलिस परिवार के लिए एक मनोहारी विश्राम स्थल के रूप में काम करेगा। समारोह में झा.स.पु.-4 के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, पुलिस परिवार के सदस्यगण, पुलिस एसोसिएशन, पुलिस मेन्स एसोसिएशन, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि एवं राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समादेष्टा महोदय ने कहा कि झा.स.पु. 4 भविष्य में और भी सुविधाओं का विस्तार करेगा जिससे सेवानिवृत्त व वर्तमान कर्मियों को अधिकतम लाभ मिल सके।

### एक युवक के अपहरण का प्रयास, थाना में केस दर्ज

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ में अपहरण का प्रयास, स्थानीय लोगों ने बचाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर निवासी छोटू कुमार महतो 21 वर्ष जो कि वर्तमान में अपने ससुराल तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबूपुर में लगभग 3 साल से रह रहा है। जिस पर एक मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य को शक था कि उसने ही दिल्ली में चोरी के 2 लाख 50 हजार रुपए कीमत के दर्जनों मोबाइल के साथ उन लोगों को पकड़वाया था। इसे लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था और मोबाइल गिरोह छोटू महतो पर ढाई लाख रुपए देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन छोटू महतो मोबाइल पकड़वाने में सहयोग करने एवं रुपए देने से इनकार कर रहा था। इसके बाद बीते रविवार की संध्या छोटू महतो जब गांव में जीतू दुकान के पास खड़ा था तभी अचानक दो गाड़ी (जेएच 18 एम 6008 और जेएच 04 एक्स 4033) वाहन रुकी और उक्त गाड़ी से बीजू महतो, महाजन महतो, खुशिया देवी, सहीनमा महतो व तीन-चार अन्य लोग जो बाबूपुर व महाराजपुर के थे उतरे और जबरन छोटू कुमार महतो को गाड़ी में बैठकर अपहरण का प्रयास करने लगे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन पर जबरन कब्जा नहीं करने पर रोक लगाने, जानलेवा हमला और मारपीट कर जेवरात छीनने, जमीन दूसरे के नाम पर अंकित होने, गाड़ी का किराया और होमगार्ड की नियुक्ति से संबंधित समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## अखिल भारतीय तेली समाज ने महादानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती मनाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** आरबी प्लेस बरहरवा में अखिल भारतीय तेली महासभा जिला कमिटी द्वारा महादानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती समारोह राष्ट्र गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से भामाशाह से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ तैलिक साहू समाज के गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से महादानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पहले युवा प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल साह के नेतृत्व में कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जय भामाशाह, जय तेली समाज, दानवीर भामाशाह अमर रहे। तेली एकता जिंदाबाद के जयकारे से गूंज उठा। मौके पर युवा अध्यक्ष हीरालाल साह ने कहा कि लोकहित व आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के इस गौरव



पुरूष की प्रेरणा को चिरस्थाई रखने के लिए बिहार, छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई प्रदेशों में इनके नाम से कई योजनाएं भी चलाई जाती है। जब भी दानवीरता की बात होगी,उनमें महादानी भामाशाह का नाम सबसे पहले आएगा। भामाशाह ने हल्दी घाटी की युद्ध मे पराक्रमी राजा महाराणा प्रताप का तन,मन,धन से सहयोग देकर जो मिसाल पेश की है,वह हमारे पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। वे दानवीरता के साथ मातृभूमि के प्रति अपने अगाध समर्पण के लिए भी जाने जाते हैं। वही प्रदेश सचिव छोटू साह ने कहा कि वो दानवीर व त्यागी पुरूष थे।स्वदेश,धर्म व संस्कृति की रक्षा को वो हर समय तत्पर रहते थे।राणा के पास नहीं पैसा,पैसै के बिना नहीं सेना,तब भामाशाह बढ़े आगे,लेकर रुपया पैसा गहना व धन क्या अवसर आने पर जो,त्याग भाव दिखला न सका। देश धर्म की रक्षार्थ अपना सब कुछ महाराणा प्रताप को दान करने वाले दानवीर तेली समाज के गौरव वैश्य शिरोमणि महाराजा रुभामाशाह जी की जयंती पर कोटिशः नमन किया।

# कोडरमा कारागार में हुआ आध्यात्मिक यज्ञ 32 बंदियों ने लिया गुरु दीक्षा संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** गायत्री शक्तिपीठ परिवार द्वारा एक अनोखा और भावनात्मक आयोजन कोडरमा कारागार में संपन्न हुआ, जिसने जेल की दीवारों के भीतर भी अध्यात्म की रोशनी फैला दी। गायत्री महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में लगभग 40 बंदियों ने भाग लिया।इस आयोजन में गायत्री परिवार की प्रतिनिधियों ने बंदियों को आत्मशुद्धि, साधना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक राजेन्द्र साव द्वारा किया गया, जिन्होंने बहुत ही सहज और प्रभावशाली ढंग से गुरु गायत्री, यज्ञ



और साधना के महत्व को समझाया। इसका प्रभाव यह हुआ कि 32 बंदियों ने मौके पर ही गुरु दीक्षा लेकर गायत्री मंत्र का जाप आरंभ करने का संकल्प लिया। उन्हें गुरु दीक्षा सेट, अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना पत्रिका और प्रज्ञा पाक्षिक भेंट की गई, साथ ही पढ़ने और आत्मनिर्माण की दिशा में बढ़ने का आग्रह किया गया।
हवन यज्ञ की समाप्ति के उपरांत युग निर्माण सत्संग संकल्प पाठ का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर झुमरी तिलैया से विनोद वर्णवाल एवं दशारो खुर्द से सरजू यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गायत्री महिला मंडल की सुनीता भगत, स्मृति वर्मा, वीणा वर्णवाल, रेखा वर्णवाल, सावित्री वर्णवाल एवं कामिनी देवी की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। इस आयोजन से बंदियों में एक नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कई बंदियों ने हर्षपूर्वक भविष्य में फिर से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह भी किया। बंदियों ने कार्यक्रम के बाद अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस यज्ञ और दीक्षा से उन्हें आत्मबल की अनुभूति हुई है। ऐसे आयोजनों से मानसिक शांति मिलती है और जीवन में बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। कारा प्रशासन ने भी इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की अनुमति देने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोरियाडीह जंगल में पुलिस के उपर पथराव करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा :** रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम. गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर तस्करी करने की सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु ग्राम गोरियाडीह में गयें हुए पुलिस वाहन पर अपराधियों के द्वारा पथराव किया गया। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या-02/25 दिनांक-30-03-2025 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ की गई। कांड में पुलिस वाहन पर पथराव करने वाले अभ्युक्तिों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक , कोडरमा के निदेर्शानुसार ढाब थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्त विनोद तुरी, पिता-स्व० महादेव तुरी, सा०-गोरियाडीह, थाना-ढाब, जिला-कोडरमा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में आरपीवाई यूथ उत्सव के अंतिम दिन रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को दो दिवसीय आरपीवाई यूथ उत्सव के अंतिम दिन रंगोली, निबंध, स्लोगन, कविता लेखन व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान अन्तरसदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका विषय जल बचाव जीवन बचाओ था। जबकि निबंध प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण था। वहीं कविता लेखन प्रतियोगिता का विषय शिक्षा और शिक्षक एवं स्लोगन लेखन का विषय महिला शिक्षा था। रंगोली प्रतियोगिता में विनर विवेकानंद हाउस व रनर टैगोर व विनोबा हाउस रहा। जबकि निबंध प्रतियोगिता में विनर गुंजा भारती व रनर निशा कुमारी रही। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विनर सत्र 23-25 की तबस्सुम परवीन व रनर कुणाल कुमार गोस्वामी रहे। कविता लेखन प्रतियोगिता में विनर सुनील कुमार व रनर सूरज पांडेय रहे। इसके अलावा मेंहदी प्रतियोगिता में विनर मुस्कान और प्रिया रानी व रनर रिशु और स्मृति रही। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल से नवाजा गया। इस मौके प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, दोनो दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में आपकी भागीदारी आपकी प्रतिभा की तैयारी को प्रदर्शित करती है। कल आप भी एक शिक्षक बनेंगे इसलिए एक शिक्षक को बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शामिल करना अनिवार्य है, ताकि उसके बौद्धिक क्षमता का विकास हो सके। मौके पर सहायक प्राध्यापक संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, आनंद कुमार, सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, आदि मौजूद रहे।

### सीटू की बैठक में एक मई को मजदूर दिवस मनाने का निर्णय




**झुमरीतिलैया :** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन ( सीटू) की बैठक बजरंग नगर, झुमरीतिलैया में जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई. संचालन सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने किया। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस वीर कुंवर सिंह पार्क, झुमरीतिलैया में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए 28 भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई और घटना की निंदा करते हुए आतंकवादियों पर ठोस कार्रवाई करने की मांग भारत सरकार से की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सीटू इस मई दिवस पर शासन में काबिज सांप्रदायिक कॉरपोरट गठजोड़ की विनाशकारी मुहिम, हिन्दू मुस्लिम के नाम पर फैलायें जा रहे नफरत, निजी कॉरपोरेट वर्ग के माध्यम से देश के संसाधनों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर बेरोक टोक लूट खसोट के खिलाफ लोगों को एकजुट कर व्यापक संघर्ष करने का संकल्प लेगी. केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश में प्रचंड बेरोजगारी, असहनीय महंगाई से लोग जुझ रहे हैं. मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड श्रम संहिता अधिनियम पहले से ही तैयार कर लिया गया है।काम के घंटे और अन्य सेवा शर्तों को लचीला बनाने से मजदूरों का शोषण और तेज होगा. केन्द्र की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ इस मजदूर दिवस पर मजदूर वर्ग की एकता बनाए रखने, शासक वर्ग की सभी सांप्रदायिक विभाजनकारी साजिशों को निर्णायक रूप से पराजित करना ही मुख्य उद्देश्य होगा।बैठक में सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति, सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, बीएसएसआर यूनियन के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, परिवहन यूनियन के अध्यक्ष मो रफीक, विजय राणा, निर्माण कामगार यूनियन के राजेन्द्र पासवान और नागेश्वर दास ने भी अपने विचार रखे।

### स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य संयुक्त सचिव सह जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में झारखंड राज्य में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अनुबंध एवं ऑउटसोर्स तथा सरकारी कर्मियों की समस्या का समाधान के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को सदर अस्पताल भ्रमण के दौरान ज्ञापन सौंपा और कहा कि आउटसोर्सिंग, अनुबंध और स्थायी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हमेशा समस्या बना रहता है। जिससे कारण कर्मियों में मानसिक तनाव की स्थिति बनी रहती है। 11 सूत्री मांगों में अनुबंध पर कार्यरत पारामेडिकल कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन देने, अनुबंध पर कार्यरत प्रबंधक ग्रुप के सभी कर्मियों (यथा जिला स्तरीय प्रबंधक प्रखंड स्तरीय प्रबंधक अस्पताल प्रबंधक वगैरह) के पद को सृजन कर स्वीकृत पद के विरुद्ध समायोजन करते हुए समान वेतन देने, 15000 से उपर मानदेय वाले अनुबंध कर्मियों का एढक्रमें कटौती करने, ऑउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध पर समायोजन कर ठेकेदारी प्रथा से मुक्त करने, अनुबंध एवं आउटसोर्स के सभी कर्मियों एवं चिकित्सा पदाधिकारियों को सरकारी कर्मियों के अनुरूप स्वास्थ्य बीमा लागु करने, लिपिकों का ग्रेड पे 1900 को समाप्त कर 2400 से प्रारंभ करने, परिवार कल्याण कार्यकर्ता को विभागीय आदेशानुसार प्रोन्नति देने, चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय श्रेणी में पदोन्नति देने, झारखण्ड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 विज्ञापन संख्या-20/2023 को समयानुसार परीक्षा लेने, आरबीएसके के अनुबंध चिकित्सकों को नियमित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के समान वेतन देने, सामुदायिक उत्तप्रेरण कोषांग अर्न्तगत कार्यरत सभी सहिया, सहिया साथी प्रखंड प्रशिक्षक दल एवं राज्य प्रशिक्षक दल को भारत सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के द्वारा निर्धारित राशी के अनुसार मानदेय भुगतान करने की मांग शामिल है.
ज्ञापन सौंपने वालों में शैलेन्द्र तिवारी, कुमार गौरव व प्रमोद कुमार लिपिक, प्रमण्डलीय उपसंयोजक इंद्रदेव यादव, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष मुजाहिद हसन, एनएचएम जिला सचिव चन्दन किशोर पाण्डेय, जीएनएम कोमीला कुमारी, आउटसोर्स कर्मी दिनेश कुमार, डॉ विश्वकर्मा गोशवामी, डॉ राकेश कुमार सिंह, पूनम कुमारी, बिपिन कुमार, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान सुमित कुमार, विनीत अग्निहोत्री, शेखर कुमार, नंदकिशोर पाण्डेय, सुशांति लकड़ा, अवध रंजना, आयुष कुमार सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

एक नजर

## फ्रिज साफ करने के बहाने महिला को स्प्रे से बेहोश कर लूटे सोने के कंगन



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रेम कुंज कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक महिला को अकेला पाकर बदमाश ने फ्रिज साफ करने के बहाने घर में प्रवेश किया। इसके बाद स्प्रे से महिला को बेहोश कर उसके हाथ से सोने के कंगन लूट लिए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहरगुट्टू मेन रोड स्थित प्रेमकुंज कॉलोनी में मंगलवार सुबह फ्रिज की सफाई करने के बहाने एक बदमाश घर में घुसा और महिला को स्प्रे मारकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने महिला के हाथ से सोने के दो कंगन खींच लिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद जब घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो दोनों बदमाश कैमरे में नजर आए। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पीड़ित महिला पी. नागमनी ने बताया कि उनका बेटा बाहर काम करता है और वे घर पर अकेली रहती हैं। उनके पति रेलवे में नौकरी करते थे, लेकिन अब वे इस दुनिया में नहीं हैं। नागमनी ने बताया कि सुबह एक युवक उनके घर आया और कहा कि वह फ्रिज चमकाने का काम करता है।

## चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )परसुडीह थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा जनता रोड में 27 अप्रैल को एक घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लाखों की चोरी की गई संपत्ति बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में सरजामदा रोड बारीगोड़ा निवासी मंदीप सिंह, जोजोबेड़ा आरएस टावर के पास का सागर राय और बागबेड़ा कॉलोनी दुर्गा पूजा मैदान के पास रहने वाला पप्पू वर्मा शामिल हैं।

घटना की जांच के क्रम में पुलिस ने इन तीनों से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद की गई छापेमारी में पुलिस ने उनके पास से एक एलईडी टीवी, चांदी की मछली, चांदी की एक जोड़ी पायल, चांदी के चार सिक्के, दो चांदी की बिछिया, चांदी के तीन पान के पत्ते, चार पान कसैली और नकद 65 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मंदीप सिंह का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास रहा है।

# बदला ताबूत, अन्दर से निकला किसी और का शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में मरीन इंजीनियर अहलाद नंदन महतो के पार्थिव शरीर के इंतजार में डूबे तरतरा गांव के लोगों को उस वक्त गहरा सदमा लगा, जब ताबूत खोलने पर किसी और का शव निकला। एक महीने के लंबे इंतजार के बाद भी अपने लाल के अंतिम दर्शन न कर पाने की पीड़ा ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। तरतरा गांव का युवा अहलाद नंदन महतो सपनों को समंदर में संजोने निकला था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 27 मार्च को ईरान के चरक बंदरगाह पर हुए एक हादसे ने उसके सपनों के साथ-साथ परिवार और गांव की उम्मीदों को भी चकनाचूर कर दिया। करीब एक महीने की प्रतीक्षा के बाद रविवार को विशेष विमान से जब अहलाद का पार्थिव शरीर



कोलकाता एयरपोर्ट पर पहुंचा और सोमवार रात उनके पैतृक गांव लाया गया, तो हर आंख नम थी। गांव में भारी भीड़ उमड़ी थी लेकिन ताबूत खोलते ही सब कुछ बदल गया। उसमें अहलाद के स्थान पर जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के युवक मरीन इंजीनियर शिवेंद्र प्रताप सिंह का शव निकला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। जो आंखें अपनों के अंतिम दर्शन को तरस रही थीं, वे शोक और आक्रोश से भर उठीं। पूरा गांव मातम में डूब गया। परिजनों ने रोते-बिलखते हुए प्रशासन और विदेश मंत्रालय से न्याय की गुहार लगाई।


स्थानीय प्रशासन ने हालात की गंभीरता को समझते हुए फौरन हस्तक्षेप किया। शिवेंद्र प्रताप सिंह के पार्थिव शरीर को चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के शीतगृह भेज दिया गया, ताकि उत्तर प्रदेश से आने वाले उनके परिजनों को सौंपा जा सके। अब अहलाद का पार्थिव शरीर लाने के लिए परिवार को एक बार फिर कोलकाता जाना पड़ेगा।

अहलाद के बड़े भाई रघुनंदन महतो ने मंगलवार को बताया कि कोलकाता एयरपोर्ट पर जब उन्होंने शव की पहचान करनी चाही थी, तो अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सब कुछ सही है। ताबूत पर नाम और भारतीय दूतावास का प्रमाणपत्र देखकर वे भी आश्वस्त हो गए थे लेकिन घर पहुंचने पर जब ताबूत खोला गया, तो यह घटना सामने आई। रघुनंदन महतो ने ईरान स्थित भारतीय दूतावास की चूक पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि इस घोर लापरवाही ने दो-दो परिवारों का दिल तोड़ दिया है।

## टीएनए परीक्षा का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के सतत क्षमता विकास तथा उनके प्रोफेशनल डवलपमेंट के लिए उनका टीचर्स नीड असेसमेंट (टीएनए) परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। पहली से 12वीं तक के शिक्षकों के लिए अनिवार्य इस परीक्षा का उद्देश्य उनकी शैक्षणिक स्थिति का मूल्यांकन करना है। इसी कड़ी में आज अमड़ापाड़ा +२ उच्च विद्यालय में टीचर्स नीड असेसमेंट (टीएनए) आकलन परीक्षा में कुल 41 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसमे हिस्सा लिया। इस आकलन परीक्षा का उद्देश्य शिक्षकों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना है। परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रत्येक शिक्षक के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण मॉडल तैयार



किया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी शिक्षण विधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने में मदद मिलेगी। आकलन परीक्षा के बाद प्रत्येक शिक्षक को स्कोर दिया जाएगा, जिससे उनके प्रदर्शन और शैक्षणिक क्षमताओं का आंकलन किया जा सकेगा। मौके पर सनातन मुर्मू बीपीओ और तारिक अजीज एमआईएस कोऑर्डिनेटर मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पाकुड़ एवं हिरणपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था, साफ-सफाई, छात्राओं के रहन-सहन और भोजन की गुणवत्ता की जांच तथा आवासीय विद्यालयों में आपूर्ति किये जा रहे खाद्य सामग्री का नमूना संग्रह किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यालय द्वारा नियुक्त खाद्य मंत्री को खाद्य सामग्रियों को खरीदते समय पैकेट पर मैन्युफैक्चरिंग तिथि, यूज्ड बाय/एक्सपायरी तिथि, फूड लाइसेंस नंबर पर ध्यान देने को कहा गया।



फूड कलर तथा फोर्टिफाइड फुड के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किचन एवं डाइनिंग परिसर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। किचन में कार्य कर रहे लोगों का फिटनेस सर्टिफिकेट रखने को कहा गया। वहीं भोजन के मैनुअल के बारे में पूछताछ करने पर उपस्थित शिक्षिका के द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुरुप ही खाना खिलाया जाता है।

## संविधान बचाओ रैली में कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा ले : बरकत खान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज बंगाली टोला स्थित कांग्रेस कार्यालय में संविधान बचाओ अभियान₹ के तहत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी हेतु एक बैठक जिलाध्यक्ष बरकत खान की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें कांग्रेस के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ संविधान बचाओ रैली को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष बरकत खान ने संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर जोर दिया। कहा कि संविधान बचाओ रैली में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बताया कि 06 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यक्रम में जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल होकर रैली को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह रैली संविधान की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि संविधान के अनुसार नहीं चल रहा देश। जिला स्तरीय संविधान बचाओ के तहत बरहरवा प्रखंड में रैली 30 अप्रैल 2025 को साहेबगंज जिला के प्रदेश प्रभारी मणिशंकर जी के नेतृत्व मे निकला जाएगा एवं 01 मई 2025 को उत्सव बैंक्विट हॉल जिला परिषद साहिबगंज में होने वाले मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। इस बैठक में दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता को दिए गए कई निर्देश। जबकि 11 से 17 मई तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। वहीं 20 मई से 30 मई तक जनता के साथ घरेलू स्तर पर संघवाद स्थापित करने की बात कही। उन्होंने संगठन को जिला से लेकर पंचायत स्तर तक कैसे मजबूत किया जाय उसके बारे में बताया। मौके पर मुर्शाद अली, बासुकीनाथ यादव, अशोक पासवान, सबदुल अंसारी, रियाज, करुण केवट सहित दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी की परिजनों एवं गांव वालों का थाना के समक्ष किया प्रदर्शन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड की मध्य नारायणपुर पंचायत के मजहर टोला गांव में बीते सोमवार की देर शाम आपसी विवाद में हुई मारपीट में मजहर टोला के अबू कलाम शेख (70) और उसके पुत्र गुलजार शेख (25) को विरोधी द्वारा तेज धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया था। जहां इलाज के दौरान अनुमंडल अस्पताल में अबू कलाम शेख को मृत घोषित कर दिया गया था। जिसका पोस्टमार्टम पुलिस की निगरानी में मंगलवार को डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया गया और शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शव को घर ले जाने के क्रम में थाना के पास उनके परिजन एवं गांव वालों ने एंबुलेंस को थाना के सामने रोककर बीच सड़क पर बैठकर आरोपियों को पकड़ने की मांग कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का कहना था कि 17-18 घंटा बीच जाने के बाद भी अब तक सभी आरोपी फरार हैं।



सभी को पड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए,आदि की मांग करने लगे। तभी मामले को शांत कराते हुए प्रभारी थाना प्रभारी बिट्टू कुमार साहा, एवं अनजान प्रतिनिधियों के द्वारा परिजन एवं विरोध कर रहे हैं।लोगों को समझा बूझकर जल्द से जल्द सभी आरोपियों को पकड़ने की बात कहा और छापेमारी जारी है जल्दी सभी को पकड़ लिया जाएगा तब जाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन की बात को सुना और प्रदर्शन खत्म किया। वहीं मृतक अबू कलाम शेख के मारपीट में घायल पुत्र गुलजार शेख के द्वारा थाना में आवेदन देकर गांव के ही 10 लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया है।

## एसीबी की टीम ने जनसेवक को घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में एसीबी की दुमका से आई टीम ने मंगलवार के अपराह्न में सदर ब्लॉक पाकुड़ के एक जनसेवक वतन कुमार दास को 10000 नगद घूस लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा है। करीब आधे दर्जन से अधिक एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी सादे लिवास में पाकुड़ ब्लॉक के सामने एक चाय की दुकान पर जमे थे। करीब 3:30 बजे डीएसपी मोनू कुजूर के नेतृत्व में टीम ने जनसेवक वतन कुमार दास को शिकायतकर्ता से सिंचाई कूप निर्माण के नाम पर ?10000 रुपए ले रहा था, इसी दौरान वतन कुमार दास को पैसे के साथ एसीबी की टीम ने धर दबोचा। एसीबी की टीम के अधिकारियों ने उसके घर पर भी छापा मारा पर घर से कोई रकम बरामद नहीं हुई। टीम करीब 4:30 बजे जनसेवक को हिरासत में लेने के बाद दुमका के लिए रवाना हो गई। वहीं छापेमारी में आए डीएसपी मोनू कुजूर ने बताया कि जनसेवक के द्वारा जम शेरपुर पंचायत में मनरेगा सिंचाई के निर्माण के नाम पर पैसे की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता से 20000 की मांग की गई थी। 20000 में 10000 आज देने के दौरान जनसेवक को रंगे हाथ पकड़ा गया।

# सड़क हादसे में दो युवक की मौत, एक की हालत नाजुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा सिरासीन आरईओ सड़क मिरनगर हास्पीटल मोड़ के समीप सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसे में दो युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राधानगर (बंगाली पाड़ा) निवासी बापी मंडल अपने दो अन्य साथियों के साथ बेगमगंज किसी काम से आया था,वह काम निपटाने के बाद रात करीब 11:00 बजे तीनों एक बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस आ रहे थे, इसी बीच उधवा सिरासीन आरईओ सड़क हास्पीटल मोड़ के नजदीक चालक ने बाइक का संतुलन खो दिया और सड़क किनारे एक पेड़ से जा



टकराया,जिससे बाइक चालक और सवार युवक को गंभीर चोट लगी। जिसके कारण दो युवकों अपरजीत मंडल (19) व बापी मंडल (20) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक सुमित्रो मंडल उर्फ मुन्नों मंडल (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई। वहीं घायल युवक सुमित्रो मंडल को आनन-फानन में स्वजनों ने पश्चिम बंगाल के मालदा में एक अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है,परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**बापी मंडल का होना था एक सप्ताह बाद शादी**

परिजनों के मुताबिक मृतक बापी मंडल की शादी मालदा जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के राजनगर गांव में शादी तय हुआ था। जिसकी शादी आगामी 13 मई को संपन्न होना था,जिसको लेकर घर में तैयारी चल रही थी। वहीं युवक की मौत के बाद स्वजन सदमे में हैं और बेटे की डोली की जगह अर्थी उठने से पुरा परिवार व गांव में मातम छा गया है।

संक्षिप्त खबरें

## उप विकास आयुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का किया आयोजन



**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतों और सुझावों के साथ जनता दरबार में पहुंचे। जनता दरबार में प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पेंशन, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य स्थानीय मुद्दों से संबंधित शिकायतें उठाई गईं। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने कहा, ₹जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना है। प्रशासन जनता के साथ मिलकर उनके हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टीएनए प्रशिक्षण में 65 शिक्षक-शिक्षिका हुए शामिल



**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड में शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता आकलन एवं सतत क्षमता विकास को बढ़ावा देने के लिए टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) आज मंगलवार को आरके प्लस टू स्कूल में संपन्न हुआ। अंतिम दिन 65 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया। बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा ने बताया कि टीएनए का उद्देश्य शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन करना और तदनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करना है। इससे शिक्षकों को अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वह अपने शिक्षण कौशल में सुधार कर सकेंगे। इस मौके पर बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, सीआरपी सुल्तान आलम, अनुज कुमार, चंदन कुमार, मो खालिद अंसारी, शिक्षक मनोज गोस्वामी, मनोज हरिजन, सीताराम हांसदा, जौहर अली, विनोद सिंह, अर्पणा दास, उषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल



**साहिबगंज/राजमहल :** मंगलवार को गढ़तलाव गांव के समीप हाइवा की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राम कृपाल सिंह कॉन्ट्रैक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बना रहे मुख्य पथ पर राजमहल थाना क्षेत्र के गढ़तलाव गांव के समीप चौरंगी मोड़ के समीप मंगलवार को हाइवा की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बिरेन मंडल तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलैया गांव निवासी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार मंगलवार को अपने रिश्तेदार के यहां अपने बेटी की शादी का कार्ड देने जा रहे थे। इसी दौरान हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया। उसके पैर पर गंभीर चोट लगी है। खबर लिखे जाने तक टेकबथान गांव के उनके रिश्तेदार के लोगों की मदद से उसे तत्काल साहिबगंज स्थित सूर्या नर्सिंग होम पहुंचाया गया। लोगों ने कहा कि हाइवा चालक की घोर लापरवाही एवं गाड़ी में उपचालक का न होना और वाहन बेपरवाह तरीके से चलाते हैं, जिसके कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

## विभिन्न पंचायतों में टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया पानी



**पाकुड़ :** ज़िले में ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति के लिए जिला के सभी प्रखंडों के सभी ग्राम पंचायत में 15 वें वित्त आयोग मद से पानी का टैंकर की खरीदारी की गई है। उपलब्ध टैंकर से आज अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत अलुबेड़ा पंचायतों के कोयोपारा गांव में मुखिया की उपस्थिति में एवं पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कालीदासपुर पंचायत एवं रामचंद्रपुर पंचायत में टैंकर के माध्यम से जरूरतमंद को पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। ज्ञात हो कि उपायुक्त के आदेशानुसार 15 वें वित्त आयोग योजना से जिला प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर उपलब्ध है। किसी भी पंचायत या ग्राम के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव या मुखिया से सम्पर्क करें, पेयजल उपलब्ध कराई जायगी।

## पुलिस ने 70 जोड़ी बैल को किया जब्त



**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के दलभंगा ओपी पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है।। एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 70 जोड़ी बैल को बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पशु तस्कर जंगली क्षेत्र का सहारा लेकर लगातार पश्चिमी सिंहभूम जिला से होते हुए बंगाल की ओर अक्सर मवेशी लेकर आते-जाते हैं। इसकी शिकायत लगातार पुलिस अधीक्षक को मिल रही थी। उसके बाद पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया। उक्त टीम ने इन बैलों को तरम्बा के जंगलों से जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इन्हें सियाडीह-तरम्बा क्षेत्र से बरामद किया गया है। इस रास्ते इन बैलों को राडगांव होते हुए बंगाल में प्रवेश कराया जाता है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष कुचाई थाना पुलिस ने करीब 40 जोड़ी बैलों को इन्ही इलाकों से जब्त किया था। अब एकबार फिर से इतने बड़े पैमाने पर मवेशियों की बरामद की गई। इससे साफ हो जाता है कि पशु तस्कर इन इलाकों में सक्रिय हैं जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की भूमिका भी संदिग्ध है।

# सम्मान देने वालों को ही सम्मानित कर छह मिनट में कार्यक्रम से निकले सीएम नीतीश कुमार






पटना। जनता दल यूनाईटेड पूरे राज्य में दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती समारोह मना रही है। जदयू ने प्रदेश कार्यालय में जयंती समारोह का आयोजन किया। इसमें सीएम नीतीश कुमार समेत जदयू के कई वरीय मंत्री और विधायक शामिल हुए। चौंकने वाली बात यह है कि मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम शामिल होने आए खुद मेजबान बन गए। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें सीएम नीतीश कुमार जदयू एमएलसी ललन शर्राफ का स्वागत करते हुए। सीएम नीतीश कुमार के स्वागत के लिए जो पाग और गमछा लाया गया था, उसी से उन्होंने एमएलसी का स्वागत कर दिया। सीएम नीतीश कुमार को खुद से सभी मंत्री और विधायकों का स्वागत करते देख कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग खुद चौंक गए। सभी लोग सीएम के संबोधन के इंतजार में थे लेकिन सम्मान देने वालों को छह मिनट में ही सम्मानित कर सीएम नीतीश कुमार पार्टी कार्यालय से निकल गए। इधर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नए बिहार के विश्वकर्मा सीएम नीतीश कुमार ने आज के दिन की शुरूआत भामा साहेब की जयंती के समारोह से शुरू किया। 2023 से सीएम नीतीश कुमार ने भामा साहेब की जयंती को राजकीय समारोह घोषित कर दिया। तब से आज के दिन की शुरूआत जयंती के रूप में हो रही है। यह हमलोगों की गर्व की बात है। सीएम नीतीश कुमार ने पिछले 20 साल में ऐसा काम किया आप निर्भीक होकर अपना काम कर सकते हैं। 2005 से पहले बिहार का हाल कैसा था? व्यवसायी समाज लोगों को ज्यादा पता होगा कि कैसे खुलेआम लूट, हत्याएं होती थी। कारोबार ठप पड़ गए थे। लोग किसी तरह अपनी जिंदगी जी रहे थे। लेकिन, जब से आपलोगों ने सीएम नीतीश कुमार के हाथों में सत्ता की बागडोर सौंपी, तब से बिहार में विकास की बहार आई।इससे पहले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, सहित कई अन्य

## महिला से गैंगरेप का मुख्य आरोपी अरेस्ट


मोतिहारी । बंजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ गांव के चार युवकों ने चाकू की नोक पर महिला के साथ दुष्कर्म किया। वहीं आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता के पति ने मोतिहारी महिला थाना में चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले में महिला थानाध्यक्ष प्रत्याशा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को मुख्य आरोपी शेख मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सदर एएसपी शिवम धाकर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है।



साइबर सेल को वायरल वीडियो को हटवाने और शेयर करने वालों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस बल की तैनाती कर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखी जा रही है। पीड़िता को चिकित्सकीय जांच और काउंसलिंग के लिए भेजा गया है। जिला प्रशासन ने पीड़िता को न्याय और सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

## 10 महायोग में आज मनेगी अक्षय तृतीया

पटना। अक्षय तृतीया का पर्व कल मनाया जाएगा। इस दिन शोभन योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग का सुयोग बन रहा है। इस तिथि पर सोना खरीदना बेहद शुभ होता है और इससे घर में बरकत भी होती हैं। वहीं, मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी मिलता है। इसके अलावा इस दिन पीला सरसों, कपास, हल्दी, कमलगट्टा, धनिया, कौरी की खरीदारी करना शुभ होता है। इस दिन स्नान-दान, पूजा-पाठ, धर्मकृत्य, हवन, अनुष्ठान सहित हर काम में शुभ फल मिलता है। ज्योतिषाचार्य आचार्य राकेश झा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन 17 साल बाद बुधवार दिन और रोहिणी नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसके अलावा इस दिन परिजात, गजकेसरी, केदार, हर्ष, काहल, उभयचरी समेत 10 महायोग भी बन



रहे हैं। ऐसे उत्तम संयोग में खरीदारी, निवेश, लेन-देन और नई शुरूआत में लाभ मिलेगा। पंडित झा ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन श्रीहरि विष्णु, माता लक्ष्मी और गौरी की पूजा होगी। इस दिन भगवान नारायण और लक्ष्मी माता को कमल पुष्प, श्वेत फूल, कमलगट्टा, इत्र, अभ्रक, खीर का भोग, घी का दीपक आदि से पूजा के बाद श्रीसूक्त, कनकधारा का पाठ करने से अक्षय पुण्य लाभ व वैभव, ऐश्वर्य की कामना जल्द पूर्ण होती है। इस दिन को दान-पुण्य का महापर्व कहा जाता है। राकेश झा ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रह-नक्षत्रों के शुभ संयोग, शुभ योगों के महासंयोग, सर्वसिद्ध मुहूर्त व अबूझ मुहूर्त में स्वर्ण, मोती, रत्न, स्थिर संपत्ति आदि खरीदने से जातक के जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। अक्षय तृतीया के दिन स्वर्ण, रजत, धातु, रत्न व अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी करना बेहद शुभ होता है। उसके कोषागार में सदैव धन्य-धान्य की वृद्धि होती है। इससे घर में सुख-समृद्धि, संपन्नता में वृद्धि, अक्षय लाभ व लक्ष्मी माता का वास होता है। इसके अलावा स्वर्ण की तुलना सूर्य से की जाती है। अक्षय तृतीया पर सूर्य देवता सबसे तेज चमकते हैं। इसीलिए सोना खरीदना शक्ति, शौर्य, प्रखरता व ताकत में वृद्धि दिलाता है। सोने को हमेशा से बहुमूल्य धातु व धन- समृद्धि का प्रतीक माना गया है। इसलिए अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### सीवान में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

सीवान। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भादा खुर्द गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 22 वर्षीय रेशमा खातून के रूप में हुई है, जिसकी शादी छह माह



पूर्व गांव के ही एमडी वसीम से हुई थी। रेशमा की मौत के बाद उसके मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि रेशमा को शादी के बाद से ही लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट होती थी। रेशमा के भाई ने बताया कि रविवार देर रात करीब 2 बजे उन्हें फोन पर सूचना दी गई कि रेशमा की तबीयत खराब है और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे अस्पताल पहुंचे, तब तक रेशमा की मौत हो चुकी थी। वहीं, ससुराल पक्ष ने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि रेशमा की तबीयत अचानक खराब हुई थी, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने हत्या के आरोपों को निराधार बताया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, जिसमें हत्या, आत्महत्या और अन्य संभावित कारण शामिल हैं। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, रेशमा की शादी के बाद से ही ससुराल में पारिवारिक कलह की स्थिति बनी हुई थी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल की तैनाती की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों में मारपीट, 6 लोग घायल

शेखपुरा। अरियरी थाना क्षेत्र के रौंदी गांव में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान एक पक्ष से संतोष महतो (50), उनकी



पत्नी मंजू देवी और उनके दो बेटे राहुल कुमार और रंजन कुमार वहीं दूसरे पक्ष से बनवारी महतो और उनकी पत्नी कलावती देवी के रूप में हुई है। घायलों में से दो की स्थिति गंभीर है। घायल मंजू देवी ने बताया कि वह अपने घर में बच्चों को डांट रही थीं। तभी कलावती देवी को लगा कि मंजू उन्हें गाली दे रही हैं। इस पर कलावती देवी ने मंजू को गाली देना शुरू कर दिया। जब मंजू ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो बनवारी महतो के दो दामाद और उनके साथियों ने कुदाल और लोहे के रॉड से हमला कर दिया। सभी घायलों को स्थानीय सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया है। घटना का मूल कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है। अरियरी थाना अध्यक्ष और पुलिस निरीक्षक कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ पैदल यात्रा




पटना। कांग्रेस की ओर से मंगलवार की सुबह 'संविधान बचाओ पैदल यात्रा' का आयोजन किया गया । इसमें 500 मीटर लंबा तिरंगा झंडा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता निकले। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम से बांस घाट तक पैदल यात्रा की गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम झंडा लेकर सबसे आगे चलते हुए दिखे। साथ में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान समेत कई जिलाध्यक्ष, विधायक मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे। वहीं, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु यात्रा में नजर नहीं आए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 'आज हम लोगों के लिए बड़ा दिन है। जय भीम, जय बापू, जय संविधान का संकल्प लेकर यहां तक आए हैं। हमारा संविधान खतरे में है। धर्मनिरपेक्षता खतरे में है। संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता यहां पहुंचे हैं। देश संविधान से चलता है आज की यात्रा बिल्कुल अलग है। हर स्तर के कार्यकर्ता यहां पहुंचे हैं। कार्यकताओं को कहा गया है कि अगले छह महीने पार्टी के लिए संघर्ष कीजिए। परिवार से छुट्टी ले लेने के लिए कहा गया है। उनके लिए सारी व्यवस्था करके संघर्ष करने के लिए तैयार हो जाना है।' राजेश राम ने कहा कि 'कांग्रेस के हर छोटे बड़े कार्यकर्ता एक साथ मिलकर पार्टी को खड़ा करना चाहते हैं। आज तिरंगे के चादर लिए सभी कार्यकर्ता खड़े थे। फिर इस यात्रा की शुरूआत की गई। यह देश से जुड़ा हमारा थीम है। हमारा देश इसी तिरंगे के नीचे है। झंडे के नीचे की छाया शीतलता देती है, जितनी छाया रहेगी, उससे हम धरती माता को शीतलता देना चाहेंगे।' पैदल यात्रा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद दल के नेता डॉ मदन मोहन झा सहित सभी जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद मौजूद रहे। शकील अहमद खान ने कहा कि 'अति पिछड़ों, पिछड़ों और वंचित समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने से रोका जा रहा है। उसकी लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे हैं। उनके लिए हमारे नेता राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठा रहे हैं। इसी कड़ी में कई बार राहुल गांधी बिहार का दौरा भी कर चुके हैं। संविधान हमारे दिल में बसता है। इसे बचाने के लिए ही ये यात्रा निकाली गई है।'

## गोपालगंज में पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़

गोपालगंज । मीरगंज थाना क्षेत्र में रंगदारी मामले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मीरगंज के सबरेजी कब्रिस्तान के पास देर रात हुई इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा फरार हो गया। दरअसल घटना 26 अप्रैल को मंगलम ज्वेलर्स के मालिक प्रवीण सोनी से जुड़ी है। अज्ञात नंबर से कॉल कर बदमाशों ने उनसे 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई और जांच टीम का गठन किया गया। सोमवार को बदमाशों ने फोन कर एक लाख रुपये की रंगदारी लेने के लिए बुलाया। पुलिस टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश



की पहचान सबरेजी पश्चिम टोला निवासी राजू वर्मा के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि बदमाशों से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किया गया है। फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## युवाओं के लिए सुनहरा मौका, 50 सीटों पर होगी बहाली

भागलपुर । युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। रक्षा की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंड परिसरों में 29 अप्रैल से 3 मई 2025 तक नियोजन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के जरिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, कैश कस्टोडियन और सुरक्षा अधिकारी के पदों पर बहाली की जाएगी। 29 हजार तक सैलरी दी जाएगी। नियोजन कैंप का आयोजन 29 अप्रैल को नाथनगर प्रखंड परिसर, 30 अप्रैल को शाहकुंड प्रखंड परिसर, 2 मई को गोराडीह प्रखंड परिसर और 3 मई को सुल्तानगंज प्रखंड परिसर में किया जाएगा। रक्षा की ओर से कुल 50 पदों पर भर्ती की जानी है, जिसमें 25 सुरक्षा जवान, 10 सुरक्षा सुपरवाइजर, 10 कैश कस्टोडियन और 5 सुरक्षा अधिकारी के पद



शामिल हैं। सभी पदों पर केवल पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता और शारीरिक मापदंड भी तय किए गए हैं। सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और कद 167 सेमी, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास और 170 सेमी कद, कैश कस्टोडियन के लिए 12वीं पास और 160 सेमी कद और सुरक्षा अधिकारी के लिए स्नातक पास और 168 सेमी कद होना अनिवार्य है। वेतन की बात करें तो सुरक्षा जवानों को दस हजार से 22 हजार हजार तक, सुरक्षा सुपरवाइजर को 17 हजार से 24 हजार तक, कैश कस्टोडियन को 13 हजार से 19 हजार और सुरक्षा अधिकारियों को 27 हजार 500 से 29 हजार मासिक वेतन दिया जाएगा। नियोजन कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।

## उमस बढ़ते ही बढ़े चमकी बुखार के केस

### अब तक 14 मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग ने की सावधानी बरतने की अपील

मुजफ्फरपुर । एक बार फिर चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम ने दस्तक दी है। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अब तक एईएस के कुल 14 मरीज भर्ती हो चुके हैं, जिनमें 12 मुजफ्फरपुर जिले के हैं, जबकि दो अन्य जिले सीतामढ़ी और गोपालगंज से हैं। राहत की बात यह है कि सभी बच्चे इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं और फिलहाल कोई भी गंभीर स्थिति में नहीं है। उमस भरे मौसम के बीच जिले में बुखार के मामलों में भी इजाफा हुआ है। आधा दर्जन से अधिक बच्चे बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं, हालांकि सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट




मोड में है और प्रभावित क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। चमकी बुखार से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्रखंडों के पीएचसी में दवा, डॉक्टर, एम्बुलेंस और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था कर दी है। निजी वाहनों को भी मरीजों के परिवहन के लिए टैग किया गया है, साथ ही अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश जारी किया गया है। अब तक मुशहरी, बोचहा, पारू, कुढ़नी, मीनापुर और मोतीपुर प्रखंडों में एईएस के 12 मामले सामने आए हैं। इन बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के बाद वे स्वस्थ हो चुके हैं।अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद ने जानकारी दी कि जिले में मिले सभी 14 मरीजों का इलाज एसकेएमसीएच के विशेष पीकू वार्ड में किया गया। उन्होंने बताया कि हम 'जीरो डेथ' की नीति पर काम कर रहे हैं और इस दिशा में जन-जागरूकता कार्यक्रम का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर संध्या चौपालों के माध्यम से लोगों को चमकी बुखार के लक्षण और उससे बचाव की जानकारी दे रही है। लोगों को लक्षण दिखते ही तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाने की सलाह दी जा रही है। डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि प्रभावित प्रखंडों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और एएनएम की टीम लगातार बच्चों की निगरानी कर रही है और प्रतिवेदन भेज रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी हम चमकी बुखार को मात देंगे और चमकी को धमकी अभियान को पहले की तरह सफल बनाएंगे।



**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढ़ती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।



मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।



**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**

# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

## विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

## ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नही समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नही है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

## मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

## हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

## आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

## अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

## वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति इस बार बेहद खराब रही है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। बुधवार को चेन्नई के अपने घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम में उसका सामना पंजाब किंग्स से होगा, जहां टीम अपनी किस्मत बदलने की आखिरी कोशिश करना चाहेगी। अब तक खेले गए नौ मैचों में चेन्नई को सिर्फ दो जीत मिली है और 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इस समय वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और चेन्नई को हराकर वह अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी।

चेन्नई के लिए सबसे बड़ी परेशानी रही है उसका खुद का घरेलू मैदान, जहां टीम इस सीजन में लय नहीं पकड़ पाई। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के बाद कमान संभालने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी टीम में जोश भरने में सफल नहीं हो सके हैं। धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि टीम अभी तक सही योजना नहीं बना पाई है और पावरप्ले के दौरान बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संघर्ष कर रही है।

मैच में कई दिलचस्प व्यक्तिगत भिड़ंत देखने को मिल सकती हैं। चेन्नई के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की भिड़ंत पावरप्ले में अर्शदीप सिंह से हो सकती है, जबकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला देखने लायक होगा। चहल शानदार फॉर्म में हैं और चेन्नई का मध्यक्रम उनकी चुनौती से कैसे निपटता है, यह अहम रहेगा।

पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य लगातार शानदार शुरुआत दे रहे हैं, जिन्हें रोकने की जिम्मेदारी खलील अहमद पर होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर एक स्थिर बल्लेबाज के रूप में टीम के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को उन्हें रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी। धोनी अब भी 43 की उम्र में एक फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन चेन्नई के अन्य बल्लेबाजों विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में जडेजा, अश्विन और पथिराना का संघर्ष भी टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। पंजाब के पास अर्शदीप, चहल और मार्को यानसन जैसे संतुलित गेंदबाज हैं जो चेन्नई को कड़ी चुनौती दे सकते हैं।



**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**चेन्नई सुपर किंग्स :** शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

**पंजाब किंग्स :** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को जानसन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

# वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की चमकेगी किस्मत, इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया में मिलेगी जगह! सामने आया शेड्यूल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में इन दिनों आईपीएल 2025 की धूम मची हुई है और टूर्नामेंट में एक के बाद एक धमाकेदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। आईपीएल के समापन के बाद भारत को इंग्लैंड के दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए रवाना होना है। इसी दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी इंग्लैंड का दौरा करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की अंडर-19 टीम के इस दौरे के दौरान वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे भी स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।

बता दें कि, टीम इंडिया इस दौरे पर 5 वनडे और दो टेस्ट मुकाबले खेलेगी। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक 21 जून को टीम यूके लैंड करेगी इस दौरे पर 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकता है। दोनों खिलाड़ी इस समय आईपीएल 2025 में धमाल मचा रहे हैं। वैभव जहां राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा हैं। वहीं, आयुष म्हात्रे चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। इन दोनों के अलावा भी कुछ अन्य खिलाड़ियों को स्क्वाड में शामिल किया जा सकता है।

इंग्लैंड के ये आगामी दौरा भारत की अंडर-19 टीम के लिए अहम तैयारी का काम करेगा। क्योंकि वे अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए कमर कस रहे हैं, जो अगले साल जनवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाला है। पिछली बार भारत की अंडर-19 टीम पिछले साल दिसंबर में यूएई में आयोजित एशिया कप के दौरान खेली थी, जहां उन्होंने फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन आखिर में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

# स्नेह राणा के 5 विकेट, भारत ने द अफ्रीका को 15 रन से हराया

**खेल डैस्क (एजेंसी)।** कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए श्रीलंका महिला ट्राई-सीरीज 2025 के दूसरे वनडे मैच में भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला को 36 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 276/6 का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका 240 रनों पर ऑलआउट हो गई। स्नेह राणा की शानदार गेंदबाजी इस मैच का टर्निंग पॉइंट रही। उनके 5 विकेट ने दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। इसके अलावा, प्रतिका रावल की 78 रनों की पारी ने भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया, जो दक्षिण अफ्रीका के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। स्नेह राणा को उनकी शानदार 5 विकेट हॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनकी गेंदबाजी ने भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत का अब अगला मैच श्रीलंका के खिलाफ होगा।



भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। स्मृति मंधाना (30) और प्रतिका रावल ने 83 रनों की सलामी साझेदारी के साथ मजबूत शुरुआत दी। प्रतिका ने 78 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें उनकी शानदार फॉर्म झलकी। मंधाना के आउट होने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने 32 गेंदों में 41 रनों की तेज पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 रन बनाकर नाबाद रहीं। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने उपयोगी योगदान दिया, जिससे भारत ने 276/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 2/55 और नादिन डी क्लर्क ने 1/39 विकेट लिए। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दबाव बनाए रखा। लॉरा वोल्वार्ट और ताजमिन ब्रिट्स ने पारी को संभाला, लेकिन स्नेह राणा की शानदार गेंदबाजी ने दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया। राणा ने 5 विकेट झटके, जिसमें सुने लूस (28) का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था। दक्षिण अफ्रीका की पारी 240 रनों पर सिमट गई, जिसमें कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और श्री चारानी ने भी उपयोगी गेंदबाजी की।

# गुजरात को हराने के बाद राजस्थान के पास प्लेऑफ्स में पहुंचने का मौका

## -आरआर के बाकी के चार मैच, एक भी हारी तो हो जाएगी बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के प्लेऑफ्स की रेस से अभी राजस्थान रॉयल्स बाहर लग रही थी लेकिन गुजरात टाइटन्स के खिलाफमैच से पहले टीम के बॉलिंग कोच शेन बॉन्ड ने माना था कि उनकी टीम प्लेऑफ्स की रेस से संभावित तौर पर बाहर हो चुकी है। हालांकि जिस तरह का खेल राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफदिखाया, उससे टीम के प्लेऑफ्स की उम्मीदें बढ़ गई हैं। टीम अभी भी टूर्नामेंट में बनी हुई है।



राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 में अब तक 10 मुकाबले खेल चुकी है। पॉइंट्स टेबल में टीम 8वें स्थान पर है, लेकिन पहले स्थान वाली टीम से 8 अंक पीछे है। राजस्थान रॉयल्स को अभी चार मैच और खेलना बाकी हैं। राजस्थान की टीम बाकी के चार और मैचों में जीत हासिल करती है तो 14 अंकों तक पहुंच जाएगी। 14 अंकों से टीम सीधे तो प्लेऑफ्स में क्वॉलिफाई नहीं कर पाएगी, लेकिन एक चांस टीम के पास होगा, क्योंकि आईपीएल के इतिहास में कई बार टीम 14 अंक हासिल करके भी प्लेऑफ्स के लिए क्वॉलिफाई करने में सफल हुई हैं।

अगर राजस्थान रॉयल्स अपने बाकी के चार मैचों में जीत दर्ज करती है तो टॉप 4 में फिनिश करने के करीब पहुंच जाएगी, लेकिन फिर टीम को कम से कम चौथे नंबर वाली टीम के खाते में 14 से ज्यादा अंक ना हो और नेट रन रेट भी राजस्थान रॉयल्स का उस टीम से बेहतर रहे। पिछले सीजन हमने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ ऐसा देखा था, जब टीम ने 14 अंक और बेहतर नेट रन रेट से प्लेऑफ्स में जगह बनाई थी। पिछले सीजन आरसीबी ने 6 में से 6 मैच आखिरी के लीग फेज में जीते थे।

बता दें राजस्थान रॉयल्स के जो चार मुकाबले बाकी हैं, उनमें एक मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफजयपुर में, 4 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ कोलकाता में, 12 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफचेन्नई में और 14 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफअपने होम ग्राउंड में है। इन मैचों में से अगर राजस्थान की टीम एक भी मुकाबला हारती है तो फिर प्लेऑफ्स की रेस से बाहर हो जाएगी। सीएसके वर्सेस आरआर मैच में जो टीम मैच हारेगी, वह प्लेऑफ्स से बाहर हो जाएगी।

# पर्पल कैप और ऑरेंज कैप पर काफी कम इनाम देती है बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) विश्व क्रिकेट में सबसे धनी बोर्ड है। इसके बाद वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे अधिक रनों के लिए दी जाने वाली ऑरेंज कैप व सबसे अधिक विकेटों के लिए दी जाने वाली पर्पल कैप के लिए काफी कम इनामी राशि देता है। आईपीएल में पर्पल कैप और ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ियों को सिर्फ 10 लाख रुपए दिए जाते हैं जबकि इस बड़े स्तर के टूर्नामेंट को देखते हुए काफी कम है। इसका कारण है कि मैच फीस के तौर पर ही 7.5 लाख रुपए दिये जाते हैं, इसके अलावा नीलामी की राशि अलग होती है। वहीं पर्पल और ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए खिलाड़ी को काफी प्रयास करने पड़ते हैंलेकिन उसके अनुसार रकम नहीं मिलती। आईपीएल में पर्पल कैप या ऑरेंज कैप जीतना आसान काम नहीं है। आईपीएल में सिर्फ 3 गेंदबाज हैं जो 2 बार यह कैप जीते हैं। ब्रावो ने 2013, 2015 में पर्पल कैप जीती थी। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार ने 2016, 2017 में यह कैप अपने नाम की थी। वहीं, ऑरेंज कैप की बात करें तो डेविड वॉर्नर ने अब तक कुल 3 बार ऑरेंज कैप जीता है. उन्होंने 2015, 2017, 2019 में यह अवॉर्ड जीता था।



# आगामी टी20 विश्वकप में राहुल को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखे भारतीय टीम : पीटरसन

नई दिल्ली । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर केविन पीटरसन ने केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन के अनुसार राहुल को 2026 टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखे। इसके साथ ही उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाना चाहिये। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनकर सामने आये हैं। इसके साथ ही उनका स्ट्राइक रेट भी बेहतर हुआ है। भारतीय टीम में अभी विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। चयनकर्ताओं के पास राहुल के अलावा ऋषभ पंत, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और ईशान किशन जैसे अच्छे विकल्प हैं। राहुल 2022 विश्व कप के बाद से ही भारतीय टी20 टीम में शामिल नहीं हैं पर पीटरसन का मानना है कि उन्होंने इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी कर अपनी वापसी के लिए मजबूत दावेदारी की है। ऐसे में वह विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे बेहतर हैं।

# इंग्लैड दौरे में बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम मिले : शास्त्री

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कहा है कि आगामी इंग्लैड दौरे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिये। शास्त्री ने कहा कहा कि बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम दिया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि उन्हें इस बात की आजादी दी जानी चाहिये कि वह अपने अनुसार मैच चुन सकें। भारतीय टीम 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज में इंग्लैंड से खेलेगी और इसे उसके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहे थे। इस गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेल में वापसी की थी।



शास्त्री ने कहा कि मैं बुमराह को लेकर सतर्क रहूंगा। मैं उसे एक बार में दो टेस्ट मैच दूंगा और फिर ब्रेक का इंतजार करूंगा। साथ ही कहा कि आदर्श रूप से उसे चार खेलने दें। अगर वह शानदार शुरूआत करता है तो आप उसे पांच मैच खेलने के लिए कहेंगे पर ये उसके शरीर पर निर्भर करता है। बुमराह को ये तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वह कौन सा मैच छोड़ता चाहता है। उन्होंने कहा कि उसे ये कहने का पहला अवसर दिया जाना चाहिए कि हां, मुझे थोड़ी परेशानी हो रही है। एक ब्रेक से उसे सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के होने से भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड पर हावी रहेंगे। शमी की अनुपलब्धता, पांचवें टेस्ट में बुमराह का चोटिल होना और सिराज की खराब फॉर्म के कारण भारत बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 1-3 से हार गया। सिराज ने तब से गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल में शानदार वापसी की है। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि सिराज, जसप्रीत और शमी, ये तीनों अगर पूरी तरह से फिट हैं तो वे इंग्लैंड के लिए इंग्लैंड के लिए परेशानी हो जाएगी।

# म्यूनिख विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ओलंपिक पदक विजेता भाकर और कुसाले शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे।



भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चुनी गयी टीम में तीन नए खिलाड़ी भी होंगे।

महाराष्ट्र की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी रखने का मौका दिया गया है। पुरुष वर्ग में एयर पिस्टल में दो नये निशानेबाजों को मौका दिया गया है। इसमें हाल ही में कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक टूर्नामेंट में मिश्रित टीम का खिताब जीतने वाली जोड़ी का हिस्सा रहे हरियाणा के आदित्य मालरा और सेना के निशानेबाज निशांत रावत का नाम शामिल है। रुद्राक्ष पाटिल और ऐश्वर्या तोमर ने स्वेच्छा से टीम से नाम वापस ले लिया है।

# आईपीएल के इस सत्र में सबसे अच्छे फिनिशर के तौर पर उभरे हैं दक्षिण अफ्रीका के स्टब्स

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के 18 वें सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ट्रिस्टन स्टब्स सबसे अच्छे फिनिशर के तौर पर उभरे हैं। स्टब्स ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैये से अंतिम ओवरों में जमकर रन बटोरे हैं। आईपीएल के मौजूदा आंकड़ों और पिछले साल से अब तक के आंकड़ों को देखा जाए तो कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं बल्कि ट्रिस्टन स्टब्स आईपीएल में सबसे अच्छे फिनिशर बनकर उभरे हैं। रन बनाने के साथ ही स्ट्राइक रेट की बात हो या फिर चौके-छक्के लगाने की बात हो स्टब्स छाये हुए हैं। वहीं उनके ही हमवतन हेनरिक क्लासेन भी इस सूची में हैं पर वह स्टब्स से दूर हैं। दिनेश कार्तिक, श्रेयस अय्यर और लियाम लिविंगस्टोन भी सबसे अच्छे फिनिशरों में शामिल हैं पर स्टब्स सबसे आगे हो गये हैं।


आईपीएल 2024 में स्टब्स ने 13 पारियों में 54 के औसत से बल्लेबाजी की है। इस क्रिकेटर ने अबतक 378 रन बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 190.90 का का है। स्टब्स ने 61 फीसदी रन पारी के आखिरी ओवरों में बनाए हैं। आईपीएल 2024 से आईपीएल 2025 के 45वें गेम तक केवल टिम डेविड ही छक्कों के मामले में उनसे आगे हैं। टिम ने 25 जबकि स्टब्स ने 24 छक्के लगाए हैं।

आईपीएल 2024 के बाद से जिस बल्लेबाज ने 16 से 20 ओवर में 50 से ज्यादा गेंद खेली हैं। उन बल्लेबाजों में स्टब्स शीर्ष पर हैं। उनके अब क 363 रन है जिबकि उन्होंने केवल 147 गेंदों का सामना उन्होंने किया है। उनका औसत 121 का है और स्ट्राइक रेट 246.93 का है। उनके नाम 32 चौके और 24 छक्के हैं। वहीं दूसरे नंबर पर क्लासेन हैं। उन्होंने इस अवधि में 292 रन 136 गेंदों में बनाए हैं, लेकिन वे 8 बार आउट भी हुए हैं, जबकि स्टब्स सिर्फ 3 बार आउट हुए हैं। उनका औसत 36.5 का है और स्ट्राइक रेट 214.7 का है। वे 21 चौके और 21 छक्के लगा चुके हैं। तीसरे नंबर पर भारत के दिनेश कार्तिक हैं पर वह रिटायर हो गये हैं।

इतना ही नहीं, आईपीएल 2021 के बाद से जिस बल्लेबाज ने 16 से 20 ओवर में टी20 क्रिकेट में कम से कम 500 गेंदों का सामना किया है। उनमें सबसे अच्छा स्ट्राइक रेट ट्रिस्टन स्टब्स का ही है। उन्होंने 198.55 के स्ट्राइक रेट से 1370 रन बनाये हैं। वहीं निकोलस पूरन का स्ट्राइक रेट 196.52 का है और हेनरिक क्लासेन का स्ट्राइक रेट 194.13 का है।



# विराट को स्पिनरों के खिलाफ स्ट्राइक रेट को बेहतर बनाने की जरुरत नहीं : रंगराजन



नई दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन ने कहा है कि विराट कोहली एक शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं और उन्हें स्पिनरों के खिलाफ अपने स्ट्राइक रेट को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास की कोई जरुरत नहीं है। आईपीएल में बीच के ओवरों में कोहली के स्पिनरों के खिलाफ खेलने पर सवाल उठाए गए हैं जिसे मालोलन ने गैरजरुरी बताया है। रंगराजन ने विराट कोहली के आईपीएल 2025 में स्पिनरों के खिलाफ बेहतर स्ट्राइक रेट पर कहा कि उन्हें स्पिन के खिलाफ अपने खेल को निखारने के लिए अतिरिक्त घंटे लगाने की जरूरत नहीं है। आईपीएल में पहले भी बीच के ओवरों में कोहली के स्पिनरों के खिलाफ खेलने पर सवाल उठाए गए हैं लेकिन पिछले साल की बात करें तो मालोलन ने कहा कि कोहली को अलग थलग करना सही नहीं है। मालोलन ने कहा कि पिछले सत्र में केवल विराट ही ऐसा नहीं थे जो जरुरी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी नहीं कर रहे थे बल्कि पूरी टीम ऐसा कर रही थी। इसलिए मुझे लगता है कि पूरी टीम के साथ यही हुआ। उन्होंने कहा कि, दूसरा भाग व्यक्तिगत रूप से विराट के बारे में है। उन्हें बाएं हाथ के स्पिन और लेग स्पिन के खिलाफ अधिक अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने दो दशकों से अधिक समय से बल्लेबाजी की है। मालोलन ने कहा कि, वह एक महान खिलाड़ी हैं। उन्हें बस ये तय करना है कि वह क्या करना चाहते हैं और किसी विशेष गेंदबाज से कैसे निपटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, वह इतने लंबे समय से खेलने के बाद भी लगातार सुधार करने की कोशिश कररहे हैं। जो बड़ी बात है और इससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिये। है। कोहली ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर हैं।

# तेंदुलकर से लेकर युवराज तक, दिग्गज क्रिकेटरों ने वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी की तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों ने 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए इस विलक्षण बालक को एक उभरता हुआ सितारा बताया। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सूर्यवंशी ने सोमवार की रात जयपुर में खेले गए आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के राशिद खान को मिडविकेट पर छक्का लगाकर टी20 में सबसे कम उम्र का शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के बाद क्रिकेट जगत को अपना दीवाना बना दिया।

भारत की तरफ से 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली।'



सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जड़कर राजस्थान रॉयल्स के पूर्व बल्लेबाज यूसुफ पठान के किसी भारतीय के टी20 में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सूर्यवंशी का तब जन्म भी नहीं हुआ था जब 15 साल पहले पठान ने 37 गेंद में शतक लगाया था। पठान ने कहा, 'एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था।'

भारत के एक अन्य पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने कहा, 'आप 14 साल की उम्र में क्या कर रहे थे। यह बच्चा बिना पलक झपकाए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहा है! वैभव सूर्यवंशी - नाम याद रखें! वह निडर रवैये के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी को चमकते देखकर गर्व है।'

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार बताया। श्रीकांत ने कहा, '14 साल की उम्र में ज्यादातर बच्चे सपने देखते हैं और आइसक्रीम खाते हैं। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल के दावेदारों में से एक के खिलाफ शानदार 100 रन बनाए। उनका धैर्य, कौशल और साहस उनकी उम्र से कहीं अधिक है। हम एक अभूतपूर्व बल्लेबाज का उदय देख रहे हैं। भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार यहां है।'

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी, क्या अविश्वसनीय प्रतिभा है। सिर्फ 14 साल की उम्र में शतक बनाना अविश्वसनीय है। चमकते रहो भाई।'

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी को आज खेलते हुए देखकर ऐसा लगा जैसे इतिहास बनते हुए देख रहे हों। उन्होंने बड़ी सहजता से 35 गेंद पर शतक बनाया। बहुत अच्छा खेला चैंपियन।'

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इयान बिशप सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों से स्तब्ध रह गए। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम उनकी प्रशंसा करते हुए बहुत आगे नहीं बढ़ेंगे, लेकिन आप इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि आज की रात बिल्कुल दिमाग हिला देने वाली थी।'

# आईपीएल में इतिहास रचने वाले वैभव को मिलेंगे दस लाख, सीएम नीतीश ने किया ऐलान

पटना । बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ने वाले शतक के लिए 14 साल क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को 10 लाख रुपए का पुरस्कार देने की ऐलान किया। अपने शानदार प्रदर्शन से वैभव सूर्यवंशी ने टी20 प्रारूप के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। बिहार का रहने वाला यह छोटी उम्र का क्रिकेटर टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बन गया है और 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ क्रिस गेल के 30 गेंदों में वीरतापूर्ण प्रयास के बाद आईपीएल के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाला खिलाड़ी भी बना गया है। वैभव की पारी को प्रसिद्ध कृष्णा की एक तीखी यॉर्कर की जरूरत पड़ी। हालांकि तब तक वह टीम को फिनिश लाइन तक ले आए थे। नीतीश ने राजस्थान की शानदार 8 विकेट की जीत के दौरान वैभव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपए के पुरस्कार की घोषणा की गई है। सीएम नीतीश ने एक्स पर लिखा आईपीएल के इतिहास में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई और शुभकामनाएं। अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वह भारतीय क्रिकेट के लिए नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है। मैं 2024 में वैभव और उनके पिता से मिला था और उस समय मैंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मैंने उन्हें फोन पर भी बधाई दी थी।

## नालंदा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 30 राउंड फायरिंग और साथी को छुड़ाकर हुए फरार

नालंदा (एजेंसी)। जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी गांव में मंगलवार को पुलिस और अपराधियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से करीब 30 राउंड से अधिक गोलियां चलीं, जिसमें एक कुख्यात अपराधी लाल बादशाह को उसके साथियों ने पुलिस हिरासत से छुड़ाकर फरार हो गए। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। हिलसा डीएसपी-2 गोपाल कृष्ण के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि कुख्यात लाल बादशाह अपने साथियों के साथ बड़ी गांव में मौजूद है और नशीले पदार्थों का सेवन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाल बादशाह सहित चार अपराधियों को हिरासत में ले लिया। इसी दौरान उसके अन्य साथियों ने घात लगाकर पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलियों की बौछार हुई। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई पुलिसकर्मी घायल नही हुआ और एक दरोगा व सिपाही बाल-बाल बचे। हमले के बाद अपराधी हिरासत में लिए गए चारों बदमाशों को छुड़ाकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए करीब एक दर्जन थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। हालांकि, फिलहाल पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## पुणे में नकली नोटों के रैकेट का पर्दाफाश, 28 लाख रुपये के नकली नोट जब्त

पुणे (एजेंसी)। पुणे के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के साइबर दस्ते ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने 28 लाख 66 हजार रुपये के 200 और 500 रुपये के नकली नोट और 2 लाख रुपये के असली नोट जब्त किए हैं। इस मामले में शिवाजीनगर पुलिस ने आरोपी मनीषा ठाणेकर, नरेश शेट्टी, भारती गवंड तथा प्रभु गूगलजेडी को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को कोर्ट ने 29 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को कोटक महिंद्रा बैंक ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैंक की सीडीएम मशीन में 200 रुपये के 55 नकली नोट जमा हुए हैं। इसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी मनीषा ठाणेकर को गिरफ्तार किया। जब आरोपी मनीषा ठाणेकर से गहनता से पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि उसे कोल्हे नाम के व्यक्ति से नकली नोट मिले थे। इसके बाद जब पुलिस ने उसके बारे में और पूछताछ की तो पता चला कि उसका नाम रमेश भीमप्पा शेट्टी (निवासी लोहेगांव) है। उसके घर पर छापा मारने पर पुलिस को घर में 200 रुपये के नोटों के 20 बंडल मिले। जिनकी बाजार कीमत 4 लाख रुपये है। जबकि, उन्हें दो लाख, 4 हजार असली नोट मिले। इसके साथ ही पुलिस ने 200 रुपये के 648 नकली नोट जब्त किए। पुलिस को 500 रुपये के कुल 2,232 छपे हुए नकली नोट मिले। जो 22,32,000 रुपये है। पुलिस उपायुक्त संदीप सिंह गिल ने कहा, पुलिस ने नोट छापने के लिए इस्तेमाल की गई स्याही, खाली कागज और नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल किए गए प्रिंटर को जब्त कर लिया है। आरोपी भारती गवंड से 60,000 रुपये के नकली नोट, आरोपी मनीषा ठाणेकर (पाटिल) से 200 रुपये और 20,000 रुपये के नकली नोट, सचिन यमगर से 200 रुपये मूल्य के 20,000 रुपये के नकली नोट जब्त किए गए हैं। जब नरेश शेट्टी से आगे की जांच की गई, तो यह बात सामने आई कि आरोपी प्रभु गूगलजेडी ने इस अपराध में मदद की थी। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की।

## बिजनौर में तेंदुए का आतंक...किसान पर किया जानलेवा हमला

बिजनौर (एजेंसी)। बिजनौर में तेंदुए का आतंक देखने को मिला है। गांव दयालपुर निवासी कुक्कू सिंह अपने खेत में चारा काटने के लिए गए थे। जब वे चारा काट रहा था तभी पीछे से आए तेंदुए ने उनपर हमला कर खींचकर अपने साथ खेत में ले जाने लगा। लेकिन तभी किसान ने हिम्मत दिखाकर शोर मचा दिया, किसान का शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान लाठी डंडे लेकर खेत में पहुंच गए। लोगों की भीड़ देखकर तेंदुआ किसान को घायल अवस्था में छोड़कर खेतों में जाकर छुप गया। तुरंत मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने घायल किसान उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उनकी हालत को गंभीर देखकर उन्हें बिजनौर मेडिकल में रेफर किया गया है। वहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम ने पहुंचकर किसानों को नसीहत देकर कहा कि वह खेत में जाते समय सचेत रहें और अकेले खेतों में ना जाएं, जब भी जाएं समूह में जाएं। फिलहाल वन विभाग की टीम खेत के आसपास पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की बात कर रही है।

## पंजाब में पाकिस्तानी महिला अचानक गायब, पुलिस को नहीं जानकारी कहां गई

गुरदासपुर (एजेंसी)। पंजाब के गुरदासपुर से पाकिस्तानी महिला अचानक गायब हुई है। वह 6 महीने की गर्भवती भी है। शादी के बाद उसका पहला बच्चा होना है। हालांकि आतंकी हमले के बाद भारत सरकार के वीजा रद्द करने पर पंजाब पुलिस ने महिला को पाकिस्तान जाने को कहा था। इतना ही नहीं पुलिस ने पाकिस्तान न लौटने पर गिरफ्तार करने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि, महिला ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय से अपील की थी कि उसका लॉन्ग टर्म वीजा (एलटीवी) मंजूर कर मुझे यहीं रहने दिया जाए। इस बारे में मारिया ने कहा... मैं वापस नहीं जाना चाहती हूं। मैं यहीं अपने ससुराल में ही रहना चाहती हूं। मैं गर्भवती भी हूं। मेरी मोदी सरकार से अपील है कि मुझे यहां रहने की परमिशन दे। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी गर्भवती महिला मारिया गुरदासपुर के सठियाली स्थित सरकारी अस्पताल में गई थी। जहां गायनोकॉलोजिस्ट ने उसका चेकअप भी किया।

# इजरायल ने दिखाई दिलेरी कहा- भारत को जो चाहिए हम देंगे, पर आतंकियों का सफाया कर दो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हमास जैसे आतंकियों के खिलाफ लड़ रहे इजरायल ने भारत के प्रति दिलेरी दिखाई है। इजरायल ने साफ कहा कि भारत को जो चाहिए हम देंगे, लेकिन आतंकियों का चुन चुनकर सफाया होना चाहिए। ये पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा है इसलिए हर एक देश को आतंक के खिलाफ जंग लड़ने की जरुरत है। तभी दुनिया में शांति स्थापित होगी।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से इजरायल लगातार भारत के संपर्क में है। इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तुलना 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमास के हमले से की। उन्होंने कहा कि वे भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का पुरजोर समर्थन करते हैं। पहलगाम हमले को पिछले दो दशकों में नागरिकों पर सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। अजार ने कहा कि इजरायल भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को हर संभव सहायता प्रदान करने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के साथ खुफिया जानकारी, टेक्नोलॉजी, और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अजार ने कहा, हम भारत को यह सलाह देने की स्थिति में नहीं हैं कि उसे क्या करना चाहिए, क्योंकि भारत सरकार और उसकी सुरक्षा एजेंसियों को अच्छी तरह से पता है कि उन्हें सीमा पार स्थिति आतंकवाद से कैसे निपटना है। उन्हें इससे निपटने की पूरी जानकारी है। लेकिन सामान्य तौर पर, हम तकनीकी और खुफिया सहयोग के जरिए भारत के साथ काम करना जारी रखेंगे। एक इंटरव्यू में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा, हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं। भारत जानता है कि उसे क्या करना है। यह एक संप्रभुता का मामला है। देशों को आत्मरक्षा का अधिकार है, और भारत के पास वह पूरा हक है। भारत को पूरी छूट है कि वह अपने तरीके से जवाब दे। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी मजबूत नीति दिखाई है और हमारा मानना है कि भारत आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा।

पहलगाम हमले को लेकर उन्होंने गहरी संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि इस हमले की क्रूरता ने उन्हें इजरायल पर 7 अक्टूबर को हुए हमले की याद दिला दी। इजरायली दूत ने कहा, पहलगाम में लोगों के सिर में गोली मारी, धार्मिक आधार पर चुनकर हमला किया, हनीमून पर गए पर्यटकों को निशाना बनाया गया। यह वही आतंक है, जिससे हम गुजर चुके हैं। हमने देखा है कि कैसे त्योहार में शामिल लोगों को, घर में सो रहे मासूमों को आतंकियों ने मौत के घाट उतारा। उन्होंने कहा, सुबह 6.30 बजे जब हमास के आतंकवादी आए, तब लोग म्यूजिक फेस्टिवल में जा रहे थे, अपने घरों में थे, अपने बिस्तरों में सो रहे थे, और उन्हें मार डाला, उनके साथ बलात्कार किया और उन्हें जला दिया।

## कोटा में एक सप्ताह के अंदर बिहार के दूसरे छात्र ने की आत्महत्या

कटिहार (एजेंसी)। कटिहार के एक छात्र ने कोटा में आत्महत्या कर ली। छात्र का शव तलवंडी इलाके में स्थित एक पीजी के कमरे में पंखे से लटका मिला। मृतक का नाम तमीम इकबाल (16) है, जो 20 दिन पहले ही कोटा में नीट की तैयारी करने आया था। मई के पहले सप्ताह में उसका पेपर था। एक हफ्ते के अंदर बिहार के स्टूडेंट का कोटा में सुसाइड का ये दूसरा मामला है। इससे पहले 22 अप्रैल को नीट की तैयारी कर रहे छपरा के छात्र ने खुदकुशी की थी। छात्र के चाचा आसिफ ने बताया, भतीजा ग्यारवीं क्लास का स्टूडेंट था। दरियापुर गांव से उसका एडमिशन करवाया था। इसके बाद नीट की तैयारी करने कोटा आया था। 27 अप्रैल की रात को भांजे से इकबाल से बात हुई थी। इकबाल ने कहा था कि सब ठीक है। मैं अभी पढ़ाई कर रहा हूं, बाद में बात करता हूं। इसके बाद पुलिस से उसके सुसाइड की सूचना मिली। स्टूडेंट के पिता हॉस्पिटल में जॉब करते हैं। दो भाई एक बहन में इकबाल सबसे छोटा था। पुलिस के मुताबिक, एक कमरे में दो छात्र रहते थे। रात में इकबाल ने दरवाजा नहीं खोला, तब दूसरे छात्र ने अपने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने थाने पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा। इकबाल पंखे से लटका हुआ था। परिजन कोटा आ गए हैं। सुसाइड का कारण सामने नहीं आया है।

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने लिया फैसला, लोगों की सुरक्षा को लेकर पर्यटक स्थल किए बंद



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर दर्जनों रिसॉर्ट और मशहूर पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह फैसला लिया गया है। खूबसूरत इलाके में, जो अपनी शांत वादियों और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है, करीब 48 रिसॉर्ट बंद कर दिए गए हैं। दूधपात्री और वेरीनाग जैसे कई पर्यटन स्थल अब पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर यह फैसला किया है। कश्मीर में आतंकी हमलों की आशंका को लेकर खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी थी, इसी वजह से 87 में से 48 पर्यटक स्थानों को बंद कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पहलगाम में हुए हमले के बाद घाटी में कुछ आतंकी सक्रिय हो गए हैं और वह हमला कर सकते हैं।

खुफिया जानकारी के मुताबिक पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा आतंकियों के घरों को उड़ाने का बदला लेने के लिए टीआरटी संगठन कुछ खास लोगों की हत्या और बड़े हमले की योजना बना रहा है। इसी वजह से गुलमर्ग, सोनमर्ग और डल झील जैसे संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर पुलिस की खास टीमें और एंटी फिदायीन दस्ते तैनात कर दिए गए हैं। आमतौर पर घाटी में आतंकी घटनाओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी जाती है।

इस हमले का असर कश्मीर के हर क्षेत्र पर पड़ सकता है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान पर्यटन को हो सकता है। इससे कश्मीर की अर्थव्यवस्था, जो कई सालों की मेहनत के बाद थोड़ी ठीक हो रही थी, फिर से कमजोर हो सकती है। साथ ही कश्मीर के लोगों की कमाई पर भी इसका बुरा असर पड़ सकता है।

# बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में छह नई शाखाएं खोलीं

एजेंसी

**पटना :** बंधन बैंक ने आज बिहार और झारखंड में छह शाखाएं खोले जाने की घोषणा की है। बैंक ने 5 राज्यों में 16 नई शाखाएं खोली हैं, जिनमें से सात शाखाएं ओडिशा में, दो आंध्र प्रदेश में और एक छत्तीसगढ़ में हैं। शाखा का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता के साथ-साथ ईडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर, ईडी और सीओओ रतन कुमार केश और बैंक के अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोगों ने किया। नई शाखाएं बिहार में बांका , मुंगेर और झारखंड में धनबाद ,गढ़वा और पलामू में स्थित हैं। सभी नई शाखाएं राज्य के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करेंगी। शाखा नेटवर्क का विस्तार विविधीकरण और देश भर में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने के लिए बैंक की रणनीतिक प्रतिबद्धता के अनुरूप है। अपने दायरे को व्यापक बनाकर, बैंक ग्राहकों के लिए अभिनव बैंकिंग समाधानों तक पहुंच बढ़ा रहा है। भारत के 5 राज्यों में इन 16 नई शाखाओं के शुभारंभ के साथ, शाखाओं की कुल संख्या 1730 को पार कर गई है। बैंक अब पूरे भारत में 6300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। इस अवसर पर बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, हमें पाँच राज्यों में 16 नई शाखाएं खोलने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें बिहार और झारखंड में छह नई शाखाएं शामिल हैं। हम अपने ग्राहकों की विविध और उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को अनुकूलित करके बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह विस्तार हमारे वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे हम अपने ग्राहकों को अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान कर सकें। हम सतत विकास पर मजबूत ध्यान बनाए रखते हुए, देश भर में अपनी पहुंच को व्यापक बनाने के लिए रणनीतिक अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। हमारा उद्देश्य उन लोगों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप अभिनव, अनुकूलनीय समाधान प्रदान करना है जिनकी हम सेवा करते हैं। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में फैला हुआ है।




# पवन कल्याण का कांग्रेस पर निशाना, पाकिस्तान का समर्थन करने वाले नेताओं को भारत छोड़ देना चाहिए

**-कांग्रेस नेता दर्दनाक हमले में भी राजनीति कर रहे**

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद कड़ा बयान देकर कहा है कि भारत में रहकर पाकिस्तान का समर्थन करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधकर कहा कि कुछ नेताओं के बयान देश की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं और उन्हें पाकिस्तान जाकर बस जाना चाहिए।

पवन ने यह टिप्पणी तब की जब वे पहलगाम में मारे गए 26 नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा को संबोधित कर रहे थे। पवन कल्याण ने कहा, कश्मीर हमारा है। आतंकवाद को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करना शर्मनाक है। जो नेता पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं, उन्हें भारत छोड़ देना चाहिए।

पवन ने अपील की कि पहलगाम जैसे हमलों को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'देश आतंकवाद या किसी भी तरह की राष्ट्रविरोधी सोच को बर्दाश्त नहीं करेगा।'

जनसेना पार्टी ने पहलगाम हमले में मारे गए आंध्र निवासी मधुसूदन राव के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। राव अपने परिवार के साथ कश्मीर घूमने गए थे जब यह हमला हुआ। पवन कल्याण ने बताया कि जब वे राव की पत्नी से मिले, तब उन्होंने कहा, 'हम कश्मीर गए क्योंकि वहां भारत का हिस्सा है। हिंदुओं के लिए भारत ही एकमात्र देश है। हम और कहां जाएंगे?'



# पहलगाम हमले पर अखिलेश ने सरकार से किए तीखे सवाल और बगैर नाम लिए निशिकांत को भी घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई और चार अहम सवाल पूछे हैं। इन सवालों के जरिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को भी घेरने का काम किया है।

सपा सांसद अखिलेश यादव ने जो चार सवाल किए हैं वो खासे चुभने वाले हैं। दरअसल अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा है, कि पूछता है पहलगाम का पर्यटक-खतरों के बीच मेरी रक्षा करनेवाला कोई वहाँ क्यों नहीं था? कुछ ऐसे लोगों को सरकार चाक-चौबंद सुरक्षा क्यों देती है, जो बाद में ठग साबित होते हैं? संवेदनशील इलाकों में बिना जाँच-पड़ताल के किसी को सुरक्षा कैसे मिलती है? भाजपा नेताओं के निजी कार्यक्रमों में हजारों सुरक्षाकर्मी क्यों तैनात किए जाते हैं, जबकि आम पर्यटकों को उपेक्षित किया जाता है?

इसके साथ ही सपा नेता अखिलेश आगे लिखते हैं कि ये अति गंभीर प्रश्न हैं। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उन पर भले दबाव डालकर बयान बदलवाए जाएं, लेकिन भाजपाइयों को याद रखना चाहिए कि बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता।



**पहलगाम आतंकी हमला: एक नजर**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारतीय वायुसेना के एयरमैन, खुफिया ब्यूरो के अधिकारी और दो विदेशी नागरिकों समेत दो दर्जन से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। प्रारंभ में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली, लेकिन बाद में वह अपने दावे से पलट गया। सूत्रों की मानें तो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और शहबाज सरकार के दबाव के चलते टीआरएफ ने अपना बयान बदला है, जबकि वह पहले इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी ले चुका था।

# ये मणिपुर, कश्मीर या कुंभ मेला नहीं, तमिलनाडु की कानून व्यवस्था को लेकर खुद अपनी पीठ थपथपाते नजर आए स्टालिन

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कानून और व्यवस्था पर अपनी सरकार के रिकॉर्ड का दृढ़ता से बचाव करते हुए घोषणा की कि राज्य में शांति द्रविड़ सरकार के मॉडल के तहत मजबूत पुलिसिंग का परिणाम है। सदन में बोलते हुए स्टालिन ने कहा कि उनके नेतृत्व में काम करने वाले पुलिस बल के लगातार प्रयासों के कारण तमिलनाडु एक धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण राज्य बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में शांति है, क्योंकि पुलिस विभाग मेरे अधीन है। जब राज्य में शांति होगी, तभी काम आगे बढ़ेगा, उद्योग फलेंगे-फूलेंगे, शिक्षा बढ़ेगी, महिलाएं और बच्चे आगे बढ़ेंगे, खेल विकसित होंगे, आयात-निर्यात बढ़ेगा, पर्यटन फलेगा-फूलेगा। तमिलनाडु में शांति का कारण मेरा पुलिस विभाग है। मैं, आप और तमिलनाडु के लोग इस उपलब्धि के लिए पुलिस बल के सभी लोगों के हमेशा आभारी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक सौहार्द को बिगाड़ने के छिटपुट प्रयासों के बावजूद, राज्य के लोगों ने इस तरह के उकसावे का सफलतापूर्वक विरोध किया है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक अधिकार, जाति दंगे या धार्मिक दंगे नहीं हो रहे हैं क्योंकि कानून और व्यवस्था नियंत्रण में है और तमिलनाडु शांतिपूर्ण है। अगर कोई दंगा भड़काने की कोशिश भी करता है, तो तमिलनाडु के लोगों ने उसे नाकाम कर दिया है। आलोचकों को कड़ी फटकार लगाते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून व्यवस्था की गिरावट के बारे में राजनीति से प्रेरित दावों की निंदा की। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं जो राजनीतिक लाभ के लिए छिपे एजेंडे के साथ बोलते हैं कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है कि यह मणिपुर, कश्मीर या कुंभ मेला नहीं है, यहां मौतें हुई हैं। यह तमिलनाडु है, मत भूलिए। स्टालिन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को उजागर किया, बावजूद इसके कि उन्होंने कई कठिन बाधाओं का वर्णन किया। अपने प्रशासन पर पड़ने वाले दबाव का वर्णन करने के लिए एक ज्वलंत रूपक का उपयोग करते हुए उन्होंने कहा, 'ऊपर सांपों, नीचे भेड़ियों, बाधाओं के रूप में दीवारों और कूदने से रोकने के लिए खाई के बीच फंसे एक आदमी की तरह, हमारे पास एक तरफ केंद्र सरकार है, दूसरी तरफ राज्यपाल, वित्तीय संकट और इन सबके बीच, ऐसी उपलब्धियां हासिल की गईं।



# गजनवी, गौरी और शाहीन सब पर भारी हमारी 'पृथ्वी-सेंकड' मिसाइल

**-आधा पाकिस्तान दुनिया के नक्शे से हट जाएगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान फिर अपनी मिसाइलों और परमाणु बम की धमकियों देने लगा है। पाकिस्तान के रेल मंत्री ने गजनवी, गौरी और शाहीन जैसी मिसाइलों का नाम लेकर भारत को डराने की कोशिश की, लेकिन धूर्त पाकिस्तानी मंत्री ये भूल गए हैं कि भारत के पास ऐसी मिसाइलें हैं जिनकी शक्ति पाकिस्तान की इन धमकियों से कहीं अधिक है? खासकर भारत की 'पृथ्वी-सेंकड' मिसाइल, जो पाकिस्तान की गजनवी मिसाइल से कहीं ज्यादा प्रभावी और घातक साबित हो सकती है।

गजनवी पाकिस्तान की एक शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी रेंज करीब 290-320 किलोमीटर है। इस मिसाइल को विशेष रूप से परमाणु हथियारों के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि, मिसाइल की सटीकता पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं, और इसकी सीमित रेंज इसे भारत के साथ मुकाबले में कमजोर बनाती है। दूसरी ओर, पृथ्वी-सेंकड मिसाइल, जो भारत द्वारा पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित की गई है, इसकी रेंज 350-500 किलोमीटर तक है और यह अत्यधिक सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। भारत के पास कई प्रभावशाली विकल्प हैं यदि पाकिस्तान 'गजनवी' का इस्तेमाल करता है। भारत के पास स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम और एस-400 जैसे अत्याधुनिक हथियार हैं, जो किसी भी मिसाइल को लांच होने से पहले ही नष्ट कर सकते हैं। इसके बाद भारत की पृथ्वी-सेंकड या अग्नि सीरीज की मिसाइलों का इस्तेमाल पाकिस्तान को सटीक जवाब देने के लिए किया जा सकता है।

'पृथ्वी-सेंकड' एक शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है जो पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। इसकी रेंज 350-500 किलोमीटर तक है, जो पाकिस्तान के बड़े हिस्से को एक ही हमले में नष्ट करने के लिए पर्याप्त है। इसके साथ ही, इसकी सटीकता इतनी अधिक है कि एक मिसाइल की सटीक स्ट्राइक पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को पूरी तरह से तबाह करने के लिए काफी है।

**गजनवी का प्रयोग और उसका परिणाम**

यदि पाकिस्तान गजनवी मिसाइल का इस्तेमाल करता है, तब भारत के पास तुरंत नष्ट करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम है। और यदि पाकिस्तान ने हमला किया, तब भारत की पृथ्वी-सेंकड मिसाइल पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकाने को सीधे निशाना बना सकती है। पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि भारत के पास ऐसी ताकत है जो उसकी किसी भी धमकी को नाकाम कर सकती है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**